Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 176 | शनिवार, 28 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## 'संघ का मिशन हिंदू समाज को अपनत्व की भावना से बांधना'

# मोहन भागवत बोले- इंसान को स्नेह और करुणा दिखानी चाहिए

**पुणे।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि संघ का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि पूरा हिंदू समाज अपनत्व और स्नेह की भावना के धागे से बंधा रहे। भागवत यहां प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक दिवगंत पीवाई खादीवाले की जीवनी के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, जानवरों के विपरीत, मनुष्य में बुद्धि होती है। बुद्धि का उपयोग बुद्धिमानी से करने पर वह और भी बेहतर बन सकता है, लेकिन उसी बुद्धि का गलत तरीके से उपयोग करने पर वह और भी बुरा बन सकता है। उसे बुरा बनने से केवल स्नेह और अपनत्व की भावना ही रोकती है। भागवत ने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं जब लोग स्वार्थी हो जाते हैं तो



बुराई की ओर झुक जाते हैं। दूसरी ओर, यदि कोई व्यक्ति स्नेह और करुणा की ओर झुकता है, तो वह ईश्वरीय रूप प्राप्त करता है और खादीवाले की जीवन यात्रा इसका एक उदाहरण है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ समाज को अपनेपन, स्नेह और करुणा की भावना की याद दिलाने की दिशा में भी काम करता है, जिसे वर्तमान में भुलाया जा रहा है।

### जब लोग स्वार्थी हो जाते हैं तो बुराई की ओर झुक जाते हैं

संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू समुदाय ने पूरे विश्व को अपनेपन की भावना से बांधने का काम भी अपने ऊपर ले लिया है। अंग्रेजी में गिविंग बैंक शब्द हाल ही में प्रचलन में आया है, लेकिन भारत में यह भावना लंबे समय से मौजूद है।

उन्होंने कहा, संघ व्यक्ति को सिखाता है कि अगर कोई आपके प्रति अपनेपन की भावना दिखा रहा है, तो आपको भी वैसा ही स्नेह और करुणा दिखानी चाहिए। संघ का काम यह देखना है कि पूरा हिंदू समाज अपनत्व और स्नेह की भावना से बंधा रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू समुदाय ने पूरे विश्व को अपनेपन की भावना से बांधने का काम भी अपने ऊपर ले लिया है। अंग्रेजी में गिविंग बैंक शब्द हाल ही में प्रचलन में आया है, लेकिन भारत में यह भावना लंबे समय से मौजूद है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ समाज को अपनेपन, स्नेह और करुणा की भावना की याद दिलाने की दिशा में भी काम करता है, जिसे वर्तमान में भुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, संघ व्यक्ति को सिखाता है कि अगर कोई आपके प्रति अपनेपन की भावना दिखा रहा है, तो आपको भी वैसा ही स्नेह और करुणा दिखानी चाहिए। संघ का काम यह देखना है कि पूरा हिंदू समाज अपनत्व और स्नेह की भावना से बंधा रहे।

## पाकिस्तान को धूल चटाने के लिए चल रहा परीक्षण

# ड्रोन हमलों से निपटने के लिए भारतीय सेना ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली।**

भारतीय सेना ड्रोन हमलों से निपटने का समाधान ढूंढ़ने के लिए परीक्षण कर रही है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकी ठिकानों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इस्लामाबाद ने बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। रक्षा मंत्रालय के पूर्व प्रधान सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल वीजी खंडारे (सेवानिवृत्त) ने इंडिया स्पेस कांग्रेस में संवाद सत्र में कहा, ड्रोन हमलों से निपटने के लिए सशस्त्र बल पहले से ही परीक्षण कर रहे हैं। भारत ने अपने स्वदेश निर्मित आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके पाकिस्तान द्वारा किए गए कई ड्रोन हमलों को विफल कर दिया था।

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल खंडारे ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान न तो थलसेना और न ही वायुसेना के पायलटों ने सीमा पार



की, लेकिन फिर भी वे पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि युद्ध में प्रौद्योगिकी के उभरते उपयोग से जमीनी मोर्चे पर सैनिकों की तैनाती की अहमियत कम नहीं होती। आप किसी पर वार कर सकते हैं, लेकिन जमीन पर सैनिक यह निर्धारित करेंगे कि उस विशेष क्षेत्र का मालिक कौन है। यदि आप उस भूमि पर कब्जा नहीं करते हैं, तो आपके पास एक पराजित देश होगा जो किसी को फील्ड मार्शल के रूप में पदोन्नत कर देगा। उन्होंने कहा, हम विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, सुरक्षित भारत सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप उस भूमि पर कब्जा नहीं करते हैं, तो आपके पास एक पराजित देश होगा जो किसी को फील्ड मार्शल के रूप में पदोन्नत कर देगा। उन्होंने कहा, हम विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, सुरक्षित भारत सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## अपग्रेड होंगे सुखोई 30-एमकेआई लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा क्षमताओं को ताकत देने वाले सबसे चर्चित रूसी एअर डिफेंस सिस्टम की बाकी बची दो प्रणालियों की आपूर्ति में अब ज्यादा देरी नहीं होगी। रूस के रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव ने एसीसीओ बैठक से इतर चीन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हुई द्विपक्षीय बातचीत में यह भरोसा दिया है। इस दौरान रक्षा मंत्री की सुखोई 30-एमकेआइ लड़ाकू जेट विमानों के बेड़े में आधुनिक एवियोनिक्स के उन्नयन, नवीनतम रडार से लेकर अन्य रक्षा आपूर्तियों को लेकर भी रूसी रक्षा मंत्री से महत्वपूर्ण बातचीत हुई। भारत की सैन्य क्षमताओं में रूसी रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति और अहम भूमिका पिछले महीने पाकिस्तान के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में अहम रही।

# आज दिल्ली- एनसीआर में होगी तेज बारिश

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत के कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। वहीं मानसून ने भी यूपी बिहार जैसे राज्यों में दस्तक दे दी है लेकिन दिल्ली को अभी इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि आज दिल्ली एनसीआर में तेज बारिश हो सकती है। वहीं, रविवार को मौसम विभाग की ओर से गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को केरल के तीन जिलों इडुक्की, मलप्पुरम और वायनाड के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया। विभाग ने राज्य के सात अन्य



जिलों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है क्योंकि नदियों का जल स्तर में बढ़ोतरी हुई है और कुछ निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण राज्य के कुछ स्थानों पर होर्डिंग गिर गए, पेड़ उखड़ गए और सामान्य जनजीवन बाधित हो गया। नदियों के जलस्तर में वृद्धि और भारी बारिश के कारण एनार्कुलम, त्रिशूर और इडुक्की जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई, जिससे सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए और उन्हें राहत शिविरों में पहुंचाया गया। वायनाड में लगातार बारिश के कारण चूरलमाला नदी उफान पर है। बता दें कि पिछले साल जुलाई में, इस क्षेत्र में भूस्खलन में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई घर नष्ट हो गए थे। मध्य प्रदेश में गुरुवार को अलीराजपुर, टीकमगढ़, नीमच, सीहोर, धार, हरदा और बड़वानी जिलों में भारी बारिश हुई और यह सिलसिला जारी रहने की संभावना है। आईएमडी के भोपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि अगले 24 घंटों में अलीराजपुर, झाबुआ, बालाघाट, मंडला और धार में बेहद तेज बारिश और 16 अन्य में तेज बारिश का अनुमान है।

## भारत ने बांग्लादेश को दिया झटका

# भूमि मार्ग से जूट उत्पादों के आयात पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।**

भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से भूमि मार्ग से कुछ जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि इसकी अनुमति केवल न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से दी गई है।

17 मई को भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड कपड़ों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसी कुछ वस्तुओं के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगा दिया था। इन प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में जूट उत्पाद, एकल सन यार्न, जूट का एकल यार्न, बुने हुए कपड़े या फ्लेक्स तथा जूट के बिना साफ किए बुने हुए कपड़े शामिल हैं। संसदीय समिति की बैठक में शुक्रवार को पाकिस्तान और चीन के साथ बांग्लादेश की बढ़ती निकटता और भारत के अपने पूर्वी पड़ोसी के साथ तनावपूर्ण संबंधों पर चर्चा की गई।

इस बैठक में कुछ विशेषज्ञों ने बांग्लादेश के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के सुझाव दिए। विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि पूर्व विदेश सचिव शिवशंकर मेनन, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, बांग्लादेश में भारत की पूर्व उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास और जाने-माने शिक्षाविद् अमिताभ मट्टू विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए।

## सहयोग बढ़ाने पर दिया बल

# चीन के रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ सिंह, एलएसी को लेकर हुई अहम चर्चा

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जुन के साथ हुई द्विपक्षीय बातचीत में साफ कहा है कि भारत और चीन के बीच 2020 में सीमा पर हुए टकराव के बाद बढ़ी अविश्वास की खाई पाटने के लिए जमीनी स्तर पर कदम उठाने होंगे।

चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर राजनाथ-डोंग की गुरुवार को हुई मुलाकात के दौरान सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इसमें रक्षा मंत्री ने स्थायी जुड़ाव और तनाव कम करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रारूप के जरिये जटिल मुद्दों के समाधान की आवश्यकता जताई।

दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव घटाने और सीमाओं को चिह्नित करने के लिए आपसी मौजूदा तंत्र को फिर से जीवंत करने पर जोर दिया दिया। एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह की डोंग से बातचीत




दोनों रक्षा मंत्रियों ने वर्तमान व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमांकन से संबंधित मुद्दों पर प्रगति के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। दोनों रक्षा मंत्रियों की इस बातचीत के बाद पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर लंबे समय से बने भारत-चीन सैन्य गतिरोध के बाकी बचे मुद्दों को हल करने की दिशा में निकट भविष्य में पहल आगे बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के मसले पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। राजनाथ-डोंग वार्ता के संबंध में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि वार्ता में रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ एशिया और दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए अच्छे पड़ोसी हालात बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। राजनाथ ने जमीनी स्तर पर कार्रवाई करके 2020 के सीमा गतिरोध के बाद उत्पन्न अविश्वास को दूर करने का भी आह्वान किया।

# सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान को फिर लगा झटका मध्यस्थता न्यायालय को भारत ने बताया अवैध

**नई दिल्ली।**

1960 में हुए सिंधु जल संधि पर मध्यस्थता न्यायालय के दावे और चिंताओं को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में पांच सूत्रीय बयान जारी किया है, जिसमें स्वनियुक्त पैनल को गैरकानूनी बताया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी इस स्वनियुक्त और तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के अस्तित्व का मान्यता नहीं



दी और यह मध्यस्थ निकाय अपने आप में सिंधु जल संधि का उल्लंघन है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रारंभिक रूप से प्राप्त जानकारी के माध्यम से हम इस समाचार को निरंतर अपडेट कर रहे हैं। ताजा ब्रेकिंग न्यूज और अपडेट्स के लिए जुड़े रहिए जागरण के साथ। 1960 में हुए सिंधु जल संधि पर मध्यस्थता न्यायालय के दावे और चिंताओं को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है।

# ईरान, इजरायल से अब तक 4400 से अधिक भारतीयों की हुई स्वदेश वापसी

**नई दिल्ली।**

भारत ने ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच 19 विशेष उड़ानों के जरिये अभी तक 4,400 से अधिक भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला है। इस आशय की जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। भारत ने अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए 18 जून को ऑपरेशन सिंधु शुरू किया था। इसी के तहत यह वापसी हुई है। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान से निकाले गए 173 भारतीयों का एक नया जत्था गुरुवार



देर रात आर्मेनिया की राजधानी येरवन से एक उड़ान के जरिये दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक दिन पहले अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में ऑपरेशन सिंधु के बारे में पूछे गए प्रश्नों के जबाब में कहा था कि नई दिल्ली जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन कर रही है। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान से निकाले गए 173 भारतीयों का एक नया जत्था गुरुवार देर रात आर्मेनिया की राजधानी येरवन से एक उड़ान के जरिये दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक दिन पहले अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में ऑपरेशन सिंधु के बारे में पूछे गए प्रश्नों के जबाब में कहा था कि नई दिल्ली जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन कर रही है।

## संपादक की कलम से

# रक्षा मंत्री ने ठीक किया



ललित शर्मा
संपादक

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिल्कुल ठीक किया। ऐसे साझा बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए, जो चीन और पाकिस्तान के नापाक गठजोड़ का दस्तावेज था और आतंकवाद पर नजरिया एकतरफा था। सीमापार आतंकवाद पर भारत के नजरिए को नकारा नहीं जा सकता। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) किसी का निजी संगठन नहीं है। चीन, भारत, पाकिस्तान समेत 10 देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन था, लिहाजा सभी के सरोकार और खासकर आतंकवाद पर उनकी चिंताओं को साझा बयान में शामिल किया जाना चाहिए था, लेकिन भारत के पहलगाम नरसंहार का उल्लेख तक नहीं किया गया। कश्मीर के उस खूबसूरत क्षेत्र में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछा और हिंदू होने पर गोली मार दी। इस तरह 26 मासूम, बेकसूर लोगों की हत्या कर दी गई। उसकी प्रतिक्रिया में भारत को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करना पड़ा, करीब 170 आतंकियों को ढेर किया गया और उनके अड्डों को मिट्टी-मलबा कर दिया गया। यदि एससीओ आतंकवाद पर कुछ टिप्पणी करना चाहता था, आतंकवाद की निंदा करते हुए उसे खारिज करना चाहता था, तो साझा बयान के दस्तावेज में पहलगाम नरसंहार का जिक्र क्यों नहीं किया गया? यह दोगली रणनीति लगती है। यहीं चीन और पाकिस्तान की आतंकवाद पर नीयत और दृष्टि साफ हो जाती है, लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कलम नीचे रखनी पड़ी और उन्होंने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। नतीजतन रक्षा मंत्री सम्मेलन साझा बयान के बिना ही सम्पन्न करना पड़ा। भारत के रक्षा मंत्री ने सीमापार आतंकवाद के पनाहगारों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाने की बात कही। उन्होंने आतंकवाद की प्रत्येक साजिश और हरकत को आपराधिक और अनुचित करार दिया। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद सरीखे मुद्दों पर साझा रणनीति तय करना है। दस्तावेज में बलूचिस्तान की कथित आतंकी गतिविधियों, जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर आतंकी हमले, को शामिल किया गया है, लेकिन पहलगाम नरसंहार को नजरअंदाज किया गया है। भारत को यह स्वीकार्य नहीं था। दुनिया पाकिस्तान के आतंकी रिकॉर्ड को अच्छी तरह जानती है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का ही हिस्सा है। बलूच आर्मी के लड़ाके, हुकूमत के खिलाफ, विद्रोह कर रहे हैं, लेकिन उसे भारत द्वारा प्रायोजित आतंकवाद करार देना खोखला आरोप है। ऐसे संगठन के विमर्श का मजाक उड़ाना है। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी पाकपरस्त आतंकियों को बचाता रहा है। यदि वह नापाक गठजोड़ एससीओ में भी जारी रहा है, तो साफ मायने हैं कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन अपने घोषित मकसद से भटक रहे हैं। क्या चीन के लिए आतंकवाद एक रवायती शब्द है अथवा वह भी आतंकवाद पर गंभीर देश है? एससीओ का रक्षा मंत्री सम्मेलन ऐसा पहला अवसर था, जब आतंकवाद पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा किया जा सकता था। हालांकि इसकी उम्मीदें कम ही थीं, क्योंकि चीन पाकिस्तान की पीठ थपथपाता रहा है। एससीओ में भी यही हुआ। भारत जिस आतंकवाद से संत्रस्त रहा है, उसका केंद्र पाकिस्तान ही है और पाकिस्तान का सदाबहार मित्र चीन है। फिर चीन पाकिस्तान की गर्दन पर पांव रख कर आगे नहीं बढ़ सकता था, जबकि भारत चीन के साथ भी वैश्विक प्रगति के लिए कदम बढ़ाता रहा है। दरअसल चीन पाकिस्तान की हकीकत नहीं देखना चाहता। हकीकत न देखने की गलती पाकिस्तान ने भी की थी, लिहाजा आज वह कर्ज, गरीबी, भुखमरी, महंगाई की जकड में है। आतंकवाद का समर्थन करते हुए यह देश अन्य देशों की दया पर आश्रित होता जा रहा है। भारत का रुख सही है। आज की गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में भी भारत वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देने में समर्थ है और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखता है।

# लैंसडाउन के पास मौजूद खूबसूरत जगह घूमने के लिए है बेस्ट, आप भी करें एक्सप्लोर

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुमखाल की खूबसूरती, खासियत और आसपास में स्थित कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप जून के महीने में यहां पर ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने पहुंच सकते हैं। दिल्ली से करीब 275 किमी दूर स्थित लैंसडाउन उत्तराखंड का एक बेहद मनमोहक, खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन है। यह समुद्र तल से करीब 1 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। दिल्ली के आसपास होने के कारण दिल्ली एनसीआर के लोग लैंसडाउन घूमने तो जाते हैं। लेकिन यहां से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित गुमखाल जैसे हसीन और मनमोहक जगह को एक्सप्लोर करना भूल जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुमखाल की खूबसूरती, खासियत और आसपास में स्थित कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप जून के महीने में यहां पर ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने पहुंच सकते हैं।



**गुमखाल:** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित गुमखाल एक सुंदर और शांत गांव है। यह गांव भिलंगना नदी के किनारे बसा हुआ है। यह जगह लैंसडाउन से करीब 15 किमी दूर, हरिद्वार से करीब 104 किमी दूर, ऋषिकेश से 124 किमी दूर और दिल्ली एनसीआप से करीब 271 किमी दूर है।

**गुमखाल की खासियत:** पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित गुमखाल एक बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है। यहां पर देवदार के बड़े-बड़े पेड़, घास के मैदान, घने जंगल, प्राकृतिक सुंदरता और झील-झरने यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। समुद्र तल से करीब 1 हजार से भी अधिक मीटर की ऊंचाई पर गुमखाल स्थित है। जोकि पौड़ी गढ़वाल जिले का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर अक्सर ठंडी-ठंडी हवाएं चलती रहती हैं।

**पर्यटकों के लिए है खास:** यहां का शांत और शुद्ध माहौल पर्यटकों को सुकून और शांति का माहौल देता है। खासकर ऋषिकेश या मसूरी की भीड़-भाड़ से बचने वाले पर्यटक यहां पर घूमने के लिए पहुंचते हैं। गुमखाल अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां की हसीन वादियों में ट्रेकिंग, हाइकिंग और कैंपिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। आपको गुमखाल में कई ऐसे पॉइंट मिल जाएंगे, जहां पर आप शानदार और यादगार फोटोग्राफी कर सकते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें:** गुमखाल के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। आप यहां पर गुमखाल सनसेट, भैरव गढ़ी मंदिर और सनराइज पॉइंट को एक्सप्लोर कर सकते हैं।


इसके अलावा आप यहां पर सोलिया गांव, स्नो व्यू पॉइंट, कोटी गांव और खरेटी गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश



ललित गर्ग

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है। भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर



दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रूकना चाहिए। निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है। उन्होंने उन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। उनका मानना था कि एससीओ आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाने के बजाय इसको प्रश्रय देने वाले देशों की आलोचना करे, आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम में निष्पक्ष बने। यह भी अच्छा हुआ कि रक्षामंत्री इस पर भी अड़े रहे कि एससीओ में आतंक का समर्थन करने वाले देशों की निंदा एवं भर्त्सना होनी चाहिए। इसका अर्थ था कि पाकिस्तान को बख्शा न जाए, लेकिन चीन ने आशंका के अनुरूप ढिठाई एवं बदनियत ही दिखाई।

चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा। भारत को यह भी देखना होगा कि विस्तार ले रहे इस संगठन में अपनी महत्ता कैसे स्थापित करे। यह ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने रवैये के कारण चीन भारत से संबध सुधारना चाहता है और कुछ मामलों में अपना रुख बदलने के लिए विवश भी हुआ है, पर इसका यह मतलब नहीं कि वह भारत के हितों की अनदेखी करे या फिर अमेरिका एवं पश्चिम के अन्य देशों की तरह आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए और आतंक के समर्थक पाक का सहयोग एवं समर्थन जारी रखे। भारतीय नजरिये से देखें, तो अमेरिका और चीन, दोनों ही भारत में आतंकवाद के प्रति संवेदनशील नहीं हैं।

## डॉ.राजीव डोगरा



### अनूठा व्यक्तित्व

कविता

जो देखना चाहते हैं
मेरी तबाही का मंजर
उनको बता दूं
मैं सर्वदा बहने वाला हूं
पर तुम शाश्वत न रहने वाले हो।

जो देखना चाहते हैं
मेरी आंखों में आंसू
उनको बता दूँ
मैं इस आब-ए-चश्म में
डूब कर ही तैरना सीखा है।


जो देखना चाहते हैं
गम-ए-हयात में मुझे डूबता हुआ
उनको बता दूँ
इसी समुद्र में विजय की नौका पर
हर मंजिल फतह करना सीखा है।

जो देखना चाहते हैं
मुझे दूसरों के आगे नत हुआ
उनको बता दूँ
माँ काली के आगे सिर झुका कर ही
सिर उठाकर जीना सीखा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# चापलूसी अस्त्र बनाम हुनर व योग्यता का अस्त्र- अगर पल भर को भी मैं, बे-जमीर बन जाता, यकीन मानिए मैं कब का अमीर बन जाता



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर राजनीतिक क्षेत्र में बहुत तेजी के साथ बदलाव होते दिख रहे हैं। एक जमाना था जब पंचायत समिति मेंबर से लेकर मंत्री तक चापलूसों से घिरे रहकर, जी हुजूरी का जीवन जीते थे, मगर आज ऐसादिखा तो हाई कमान बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। अपने अन्य नेताओं की चापलूसी के अनेक किस्से हम इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर देख चुके हैं परंतु, अब ऐसा युग शुरू हो गया है कि, नेतागण जनता के साथ ईमानदार कर्मठ योग्यता के धनी कर्तव्यनिष्ठ निष्पक्ष व्यक्तियों के सानिध्य में रहना जरूरी है। 2 वर्ष पूर्व हमने देखे कि तीन-चार राज्यों के ऐसे व्यक्तियों को मुख्यमंत्री बनाया गया जो चौथी कतार में बैठे थे, सबसे बड़ी बात वर्तमान राष्ट्रपति महोदय को भी हम दूर-दूर तक नहीं जानते थे। आज जनता ऐसा बदलाव चाहती है, ताकि भारत का सर्वांगीण हिस्सा विकास हो। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, इस चापलूसी पर पैनी नजर रखता हूं, व देखता हूं कि हमारी राइस सिटी गोंदिया में दो थाना क्षेत्र है, वहां जब भी नए थानेदार से लेकर एसपी तक वह एसडीओ से लेकर कलेक्टर तक पदभार संभालते हैं, तो एक समाज ग्रुप उनका जबरदस्त स्वागत करता है, व उनके फोटो निकालकर पूरे प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर प्रचारित करते हैं, यानें असल में वे यह दिखाना चाहते हैं कि देखो हमारी इतनी पहचान व रुतबा है। मेरा मानना है कि यह ट्रांसफर पोस्टिंग तो होती रहती है, उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभानी ही है, परंतु उन अधिकारियों को संज्ञान देना चाहिए कि कहीं इनका कोई हित, स्वार्थ, चापलूसी या कोई गैर कानूनी व्यवसाय व्यापार या दलाली तो नहीं ?यह पता करना उनका कर्तव्य है। ठीक वैसा ही आज समाज व आध्यात्मिक क्षेत्र में भी संज्ञान लेने की जरूरत है, ताकि इन चापलूसों को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके, जो अपने निजी स्वार्थ के लिए नेताओं, आध्यात्मिकता व सामाजिक कर्तव्यबध व्यक्तियों के अपने मतलब के लिए आगे पीछे घूमते हैं। चूँकि आज आधुनिक युग में राजनीतिक सामाजिक आध्यात्मिक क्षेत्र में चापलूसों को हटाकर काबिल व टैलेंटेड साथियों को सेवाएं देना समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया




में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, राजनीति में अब चापलूसों की चौकड़ी में रहने के दिन लद गए, चौकन्नी हुई जनता, विधायक सांसद व मंत्री को टैलेंट की चौकड़ी में रहने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम चापलूसी की करें तो, भारत में हम दैनिक दिनचर्या में राजनीतिक सामाजिक इत्यादि अनेक क्षेत्रों में चापलूस शब्द अक्सर सुनते रहते हैं। अधिकतम बयानबाजी में चापलूस शब्द का उल्लेख किया जाता है। अक्सर हम देखते हैं कि किसी भी पार्टी या सामाजिक संस्था में से अलग होने वाला नेता समाजसेवी सेवक कार्यकर्ता ऐसा जरूर बयान देता है कि पार्टि, संस्था अब चापलूसों से घिर गई है मेरा उसमें काम करना कठिन हो गया था, या फलाना हमारा लीडर चापलूस लोगों की ही सुनता है! स्वाभिमानी इंसान का वहां मूल्य नहीं! चापलूसी को झूठी प्रशंसा चाटुकारिता, मक्खनबाजी, खुशामद, बढ़ई दिखावी आवभगत, चने के झाड़ पर चढ़ाना इत्यादि अनेक शब्दों का एक जुमला प्रसंग के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। अगर हम किसी व्यक्ति की तारीफ में यही उपरोक्त शब्दों को एकीकृत कर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं तो हमें अप्रत्यक्ष रूप से चापलूस बाज कहा जा सकता है। जबकि पूरी पारदर्शिता, सौ बात की एक बात, कड़वी सच्चाई, मुंह पर बोलना, बिना लाग लपेट के बोलना इत्यादि गुणों वाले व्यक्ति को स्वाभिमानी की संज्ञा दी जाती है और यह व्यक्तित्व चाटुकारिता पर सेर पर सवा सेर साबित होता है क्योंकि बड़े बुजुर्गों ने भी कहा है सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से! हालांकि कुछ अपवाद छोड़ दें तो वर्तमान परिस्थितियों में खासकर कुछएक खास क्षेत्रों में चापलूसी करना अधिक फायदेमंद होती जा रही है क्योंकि आज पारदर्शी व्यक्तित्व कड़वी सच्चाई आदि गुणों वाले व्यक्तित्व को उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत ने घेर लिया जाता है याने चापलूसी उस पारदर्शी व्यक्तित्व को चापलूस बताने में आगे होते हैं ऐसा मेरा मानना है। साथियों बात अगर हम चापलूसी और स्वाभिमानी की करें तो, वर्तमान दौर में चाहे वह क्लब हो या दफ्तर हो और तो और घर क्यों न हो सब जगह चाटुकारिता संस्कृति ने अपना शिकंजा कसा हुआ है।लोग इंसानियत भूलकर चाटुकारिता को अपना रहे हैं। वैसे भी देखा जाये तो चापलूसी भी एक प्रकार का कला है जो स्वाभिमानी इंसान कभी भी सीख नहीं सकेगा और न ही सीखने की कोशिश करेगा इसके विपरीत स्वाभिमानी होना बहुत बड़ी कला है जो चापलूस इंसान कभी बन ही नहीं सकता चाहे लाख कोशिश भी कर ले क्योकि उसके रगों में स्वाभिमानी व्यक्ति का खून दौड़ रहा होता है। आज हर क्षेत्र में चापलूसों का बोलबाला है। चाहे वह क्लब हो या अन्य दफ्तर हो या यूनियन हो सभी जगह इनके जैसे लोगों का बोलबाला दिखता है। ये चापलूस ऐसे जीव हैं जो आत्मग्लानि का बोध करा देते हैं, झूठी प्रशंसा का पहाड़ खड़ा कर, फिर उस में मोटेमोटे छेद कर देते हैं, अब झेलते रहें हम मिट्टी को। सत्ता बदलते ही चापलूसों का दल बदल जाता है। यानी जिसकी लाठी उस की भैंस, चापलूस उसी के पीछे जा कर खड़ा होगा जिस की हैसियत होगी। सम्मान जताने के लिए चापलूसों के हाथ हमेशा जुड़े रहते हैं और कमर झुकने को यों आतुर रहती है मानो रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। शर्म को तो सुबहशाम ये गोलगप्पे के पानी में घोल कर पी जाते हैं, जब ये चलते हैं तो अपने हाथ में पकड़े झोले में दोचार जुमले डालना नहीं भूलते।

# होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री ने होमगार्ड्स कार्यालय का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया





**रामपुर।** होमगार्ड्स विभाग को मजबूती देने के लिए सरकार लगातार उठा रही है ठोस कदम। जनपद रामपुर में होमगार्ड्स विभाग का जल्द होगा अपना भवन। होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने जनपद रामपुर की तहसील सदर स्थित ग्राम फैजनगर कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स कार्यालय का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मा0 मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी होमगार्ड्स अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें, प्रदेश सरकार आपके साथ है। कोई भी होमगार्ड कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को मात्र 03 लाख रुपए ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर दुर्घटना बीमा मिलता था। मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में अब होमगार्ड्स की आकस्मिक मृत्यु होने पर आश्रित को 05 लाख रुपए अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है एवं दुर्घटना होने पर होमगार्ड्स स्वंयसेकों को बैंकों के माध्यम से 35 से 40 लाख रुपए दुर्घटना बीमा दिया जाता है। मा. मंत्री ने कहा कि प्रदेश में होमगार्डस विभाग को मजबूती देने के लिए लगातार ठोस कदम उठाये जा रहे है। इसी का परिणाम है कि जिन जनपदों में होमगार्ड्स विभाग के अपने कार्यालय नहीं थे, वहां कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। अतिशीघ्र प्रदेश के सभी जनपदों में होमगार्डस कार्यालय का निर्माण पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों के संचालन को सरल बनायेगा, बल्कि जवानों को एक सुसज्जित और सम्मानजनक कार्यस्थल भी प्रदान करेगा। सरकार द्वारा होमगार्डों को समय समय पर वर्दी भत्ते का भुगतान किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में होमगार्डस विभाग में कई ऐतिहासिक कार्य हुए है। इस अवसर पर डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद रामनारायण, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस कमलेश चौहान, एक्सईएन यूपीपीसीएल दीपक कुमार शर्मा ने भी होमगार्ड्स को सम्बोधित किया तथा एसडीएम न्यायिक श्री राजेश कुमार, अध्यक्ष व्यापार मंडल संदीप अग्रवाल सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी व होमगार्डस स्वंयसेवक उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठा रही है प्रदेश सरकार डॉ हरि सिंह ढिल्लो

वेलकम इंडिया महमूद रजा




बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक क्षेत्र से सदस्य विधान परिषद शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कदम उठा रही है जिस से प्रदेश में शिक्षा के प्रति एक अच्छा माहौल बन रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है उन्होंने कहा कि स्कूल कॉलेज के प्रबंध तंत्र एवं अध्यापक वर्ग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि हम सबको सस्ती व सुलभ शिक्षा सबको उपलब्ध कराये शिक्षक विधायक डा ढिल्लों आज गढ़मलपुर स्थित एस एस डी डिग्री कॉलेज में कॉलेज के प्रबंधक रणवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के संचालन में क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों के प्रबंधक गणों, प्रधानाचार्य गणों एवं अध्यापकों को संबोधित कर रहे थे इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सरकार प्रत्येक क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। कि वह अपने-अपने विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे सम्मानित शिक्षकों के अधिक से अधिक वोट बनवाएं ताकि भविष्य में होने वाले विधान परिषद चुनाव में एक बार फिर से हम भारतीय जनता पार्टी का सहयोग कर सके एसडी कॉलेज के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह चौहान ने अतिथियों का धन्यवाद आभार प्रकट किया इस अवसर पर भाजपा के रायपुर मंडल अध्यक्ष सहदेव भारद्वाज, सरदार सेवा सिंह ढिल्लों, अरविंद कुमार, चौधरी ईशम सिंह, प्रधानाचार्य हरवीर सिंह, ठाकुर सिंह, पूर्व प्रधान धर्मपाल सिंह, प्रकाश चौहान, वसीम अहमद, एड ब्रजराज सिंह देशवाल, राष्ट्रीय लोक दल नेता हरेंद्र सिंह तोमर, राजू गुप्ता, संचालक गन्ना समिति सुधीर चौधरी, निखिल कुमार, राकेश राठी, सुमित जैन, अनुज महेश्वरी, आदि उपस्थित रहे।

# चोरी के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को चोरी किये माल के साथ किया गया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** वादिनी की तहरीरी सूचना बावत अज्ञात चोर द्वारा वादिनी के घर से 15 हजार रुपए नगद व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0-073/2025, धारा-305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के दौरान अभियुक्त 1.गौरव पुत्र धर्मेन्द्र निवासी पुरानी कालौनी कपडा मिल ज्वालानगर थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर, 2.मुकेश पुत्र रामपाल नि0 सुभाष जूनियर हाईस्कूल के पास न्यू कृष्णा बिहार ज्वालानगर थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर के नाम प्रकाश में आये। मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त गौरव उपरोक्त मय माल के गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा चुकी है पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना सिविल लाईन, रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मुकेश पुत्र रामपाल सिंह निवासी सुभाष जूनियर हाईस्कूल के पास न्यू कृष्णा विहार कालौनी थाना सिविल लाईन्स जनपद रामपुर को कपडा मिल के जंगल में मस्जिद से शिव विहार को जाने वाले कच्चे रास्ते से चोरी किये गये माल 02 जोडी पायल सफेद धातु व एक जोडी कानो के कुण्डल पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया गया।

# कादराबाद में सरकारी इमारतें अपनी बदहाली पर बहा रही आँसू

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर।** भारत सरकार के तत्कालीन राष्ट्रपति डा.वी.वी.गिरी एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी की पहल एवं रक्षा मंत्रालय की अनुशंसा पर भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों को पुनर्वासित करने के लिए अफजलगढ विकास खण्ड के अन्तर्गत कालागढ, भिक्कावाला जामनवाला, मुरलीवाला, तुरतपुर, कल्लूवाला, रसूलपुर, नबावपुर एवं बनियावाला आदि ग्राम कॉलोनियों की स्थापना कर भू.पू.सैनिकों को आवास एवं कृषि भूमि उपलब्ध करायी गई थी। बताया गया कि इन सभी कॉलोनियों का मुख्यालय कादराबाद को बनाया गया था। गौरतलब है कि यहाँ कई बार शिविर लगाकर सैनिकों की भर्ती भी की गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डा. वी.वी.गिरी एवं प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी स्वंय यहाँ आये थे। भू.पू.सैनिकों के कल्याण के लिए सरकारी अस्पताल, भू.पू.सैनिक इण्टर कॉलिज, पुस्तकालय, भू.पू.सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय, बैंक, डाकघर, सहकारी समिति, सिंचाई विभाग उ.प्र के सौजन्य से डाक बंगला, पार्क एवं शुद्ध पेयजल आदि की सुविधायें उपलब्ध करायी गई थी।

भू.पू.सैनिक ग्राम मुरलीवाला निवासी शिव सेना जिलाध्यक्ष चौ. संजय राणा ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय सेना के कई रिटायर्ड बड़े ओहदेदार ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर, कैप्टन एवं सुबेदार आदि निवासित होने के बावजूद भी दुर्भाग्यवश वर्तमान में सरकारी अस्पताल, सहकारी समिति भण्डार , भू.पू.सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय आदि भवन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। यद्यपि सिंचाई विभाग डाक बंगला एवं भू.पू.सैनिक इण्टर कॉलिज भवन की स्थिति संतोषजनक है। क्षेत्रवासियों ने कादराबाद स्थित अस्पताल, सहकारी समिति एवं कल्याण बोर्ड आदि भवनों की मरम्मत करने की मांग की है।

# विश्व हिंदू महा संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने पियूष अरोड़ा

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर :** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा पीयूष अरोड़ा निवासी चांदपुर जिला बिजनौर को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। पीयूष अरोड़ा काफी वर्षों से संगठन में कार्य कर रहे हैं उन्हें महंत अवैद्यनाथ सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है महंत अवैद्यनाथ सम्मान महंत योगी आदित्यनाथ जी के गुरु जी के नाम से दिया जाता है

पीयूष अरोड़ा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ इंद्रदेव सिंह पूर्व भाजपा विधायक एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा की सहमति से बनाया। पीयूष अरोड़ा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर तोड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया।

# सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जाति लव कुमार का किया स्वागत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुरः** विकास खण्ड नूरपुर के शहीद रिक्खी सिंह परवीन सिंह सभागार में पूर्व में निर्धारित विकास खण्ड नूरपुर भ्रमण कार्यक्रम में लवकुश कुमार सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने की। दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, तथा ग्राम प्रधान (अनु० जाति) के साथ संवाद किया गया।

कर्क्रिम में सदस्य लवकुश कुमार द्वारा विकास खण्ड में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई तथा उन सभी विभागों की जनसमस्यायें सुनी तथा विभागों के अधिकारियों को अनु० जाति क्षेत्र में विकास कार्य/जनसुविधाँए मानकों के अनुसार देने के दिशानिर्देश दिए गए। सदस्य द्वारा निर्देश दिए गए कि सरकार द्वारा जन सामान्य की चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं/विकास कार्यो में अनुसूचित जाति के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप लक्ष्यों की पूर्ति की जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित एवं क्रियान्वित है उनमें भी अनुसूचित जाति के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाई जाए। नगर क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नूरपुर को निर्देश दिए की पीएम स्वनिधि एव प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अनुसूचित जाति के मानकों को लक्ष्यों के अनुरूप संतृप्तिकरण किया जाए तथा कार्ययोजना से पूर्व से ही अनुसूचित जाति के लिए लक्ष्यों का निर्धारण कर लिया जाए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सलीम अहमद एडीओ आई०एस०बी० द्वारा एनआरएलएम विभाग की स्वंय सहायता समूह योजना को विस्तार से बताया गया तथा अनु० जाति की महिलाओं द्वारा चलाये जा रहे समूहों की जानकारी दी गयी।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा पूर्वदशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु समय सारणी जारी

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 पूर्वदशम्‌तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति वर्गों के छात्रों हेतु शासन द्वारा समय सारणी निर्गत की गई है।

उन्होंने बताया कि कक्षा 9-10 तथा कक्षा 11-12 समस्त वर्गों हेतु छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन करना 02 जुलाई से 30 अक्टूबर 2025 तक, अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के सामान्य, ओबीसी व अन्य 10 जूलाई से 20 दिसम्बर तक, 18 नवम्बर से 21 नवम्बर 2025 तक सस्पेक्ट (संदिग्ध) डाटा छात्रों द्वारा सही करना तथा सामान्य, ओबीसी व अन्य 23 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक सही कर सकते है। उन्होंने बताया कि एससी/एसटी के छात्र आनलाइन आवेदन व संदिग्ध डाटा को प्रथम एवं द्वितीय चरण 10 जुलाई से 31 मार्च 2026 तक, तृतीय चरण में 10 जुलाई से 31 मार्च 2026 व 23 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक एवं चतुर्थ चरण 10 जुलाई से 31 मार्च 2026 तक व 29 अप्रैल 2026 से 06 मई 2026 तक पूर्ण करा सकते है।

# पत्नी पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो छुरी बरामद

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** ग्राम घिसटपुरी निवासी वसीम पुत्र अब्दुल रशीद ने थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर बताया कि ग्राम पर्वतपुर मखदूमपुर उर्फ घिसटपुरी निवासी मुजम्मिल पुत्र इरशाद और शावेज पुत्र इसरार ने उसकी पत्नी के साथ पहले गाली-गलौच की और फिर जान से मारने की नीयत से पेट में चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीड़िता की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल कार्रवाई करते हुए बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो घरेलू छुरियां भी बरामद कर ली हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है गिरफ्तार आरोपी मुजम्मिल पुत्र इरशाद शावेज पुत्र इसरार (निवासीगण ग्राम पर्वतपुर मखदूमपुर उर्फ घिसटपुरी, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर) बरामदगी दो घरेलू छुरियां गिरफ्तारी करने वाली टीम उप निरीक्षक नक्षत्रपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, हेड कांस्टेबल विनय सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे?।

# एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों का किया स्वागत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**नूरपुर :** खालसा इंटर कॉलेज में एक शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पूरन सिंह एवं संचालन प्रधानाचार्य सुनीत प्रकाश त्यागी ने किया। एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों ने संबोधित करते हुए 2026 में आने वाले शिक्षक विधायक के चुनाव में पुरजोर मेहनत करने की अपील की और सरकार की उपलब्धि के बारे में बताया कि सरकार शिक्षकों के लिए किस तरीके से कम कर रही है। इस मौके पर चौधरी सत्यपाल सिंह, पूर्व उप चेयरपर्सन चौधरी राजेंद्र सिंह, रालोद के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट, विवेक चौधरी, चौधरी रिशाल सिंह, चौधरी ईसमपाल पाल सिंह, आकाश शास्त्री, शिव कुमार सिंह, देवराज सिंह, युवराज सिंह, दिग्विजय सिंह, संजीव कुमार, सतपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोम पाल सिंह, टीकम सिंह आदि मौजूद रहे।

# गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार अपनी कड़ी मेहनत व लगन से अलग ही पहचान के लिए जाने जाते हैं

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी



**सहारनपुर /गागलहेडी।** गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने गागलहेडी क्षेत्र वासियों के दिलों में बनाई अपनी अलग ही पहचान पुलिस विभाग या फिर जनता अपनी बेहतरीन कार्य शैली के लिए मशहूर जाने जाते हैं गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार इनका पूर्व का कार्यकाल बताता है कि उन्होंने पुलिस के गौरव को बढ़ाने के साथ जनता में अपनी अलग खास पहचान कायम की है कहीं भी रहे हो अपनी कार्य कुशलता क्षेत्र वासियों का दिल जीता है। जिला सहारनपुर के गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार व्यवहार कुशलता के धनी होने के साथ साथ पुलिस विभाग में अपनी अलग पहचान रखते हैं। गागलहेडी थाने का क्षेत्रफल काफी लंबा है। उन्होंने अपनी लगन और मेहनत एव तत्परता के दम पर अधिकारियों को विश्वास में लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास किया अपने अधिकारियों के मार्ग निर्देश में बेहतर कार्य करते हुए गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार सदैव खरा उतरने की कोशिश में रहे हैं।

अपनी एक अच्छी कार्य से पहचान बनाने वाले गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने अपराध करने वालों को कहीं से कही तक नहीं बक्सा बिहारीगढ़ थाना प्रभारी रहकर अपनी सेवाओं के दौरान बिहारीगढ़ की जनता के दिलों पर छाप छोड़ कर अपने अधिकारियों के नेतृत्व में विनोद कुमार ने एक से बढ़कर एक गुड वर्क किये सबसे परिपूर्ण कानून व्यवस्था को मजबूत बनाकर रखा विनोद कुमार का अबतक का कार्यकाल सराहनीय रहा अब विनोद कुमार थाना गागलहेडी थाना प्रभारी बनने के बाद अपराधों पर काफी हद तक निरंतर हुआ है। गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार का कहना है कानून व्यवस्था कायम करना मेरे लिए सर्वोपरि रहेगा।

# विश्व हिन्दू परिषद ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** इन दिनों विश्व हिंदू परिषद की कार्य शैली बहुत अच्छी चल रही है, जो आमजन के दिलों को छू रही है। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने जिले के लोगों की सुविधाओं के लिए बहुत ही अच्छी मांगे रखी हैं। शुक्रवार को प्रवीण खंडेलवाल ने अपने संगठन के सदस्यों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने आपातकालीन स्थिति जैसे रात्रि कालीन में स्वास्थ्य सेवाएं और पेट्रोल पंप पर राहगीरों को पेट्रोल मिल सके जिससे वह अपने घर सुरक्षित पहुंच सके। एसी मांगे रखी है। उन्होंने एसडीएम को अवगत कराते हुए कहा कि रात्रि कालीन में कम से कम दो निजी चिकित्सालय उपलब्ध होने चाहिए जिससे कि आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार मिल सके। और साथ ही दो मेडिकल स्टोर भी खुले रहने चाहिए जिससे मरीजों व उनके तीमारदारों को इधर-उधर न भटकना पड़े। इतना ही जरूरी पेट्रोल पंप है, रात्रि कालीन में कोई पेट्रोल पंप नहीं खुली रहती है जो एक बेहद गंभीर समस्या है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने एसडीएम से नगर में एक पेट्रोल पंप 24 घंटे खुलवाने की व्यवस्था की जाने की मांग की है जिससे कि आपातकाल में प्राथमिक उपचार व बाहर जाने के लिए पेट्रोल पंप की उपलब्धता हो जाए। कभी-कभी ऐसा हो जाता है कि अन्य जनपदों के लोग भी यहां होकर गुजरते हैं तो उन्हें भी ऐसी गंभीर समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। शहर के जिला बागला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की समस्या आए दिन सुनने को मिलती है। नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला अस्पताल के एक इमरजेंसी के अलावा कोई सेवा उपलब्ध नहीं है। वह भी एक रेफर सेंटर है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, दीपू वाष्णेय, विभाग सह संयोजक हर्षित गौड़, कैलाश कूलवाल, नगर सहसंयोजक कृष्णा, लक्ष्मण दीक्षित, अनमोल अग्नीहोत्री, सूर्यांश कौशिक, सुमित पाथरे और अभिषेक सहित आदि पदाधिकारी थे।

# बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण का जमकर चल रहा पीला पंजा अवैध कॉलोनियों पर चहुंओर मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया**




**बुलन्दशहर।** बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में शिकारपुर विकास क्षेत्रान्तर्गत, शिकारपुर में विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल के द्वारा शिकारपुर रोड ग्राम बगराई पर महबूब चौहान द्वारा लगभग 12 बीघा भूमि क्षेत्रफल पर एवम ग्राम बाजिदपुर एन0एच0 91 पर गौरव मनीष आदि द्वारा लगभग 6 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लाटिंग को मौके पर ध्वस्त किया गया

उक्त अवैध निर्माण/विकास कार्य को बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं अन्य स्टाफ द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण किया गया। ध्वस्तीकरण व सील अभियान बुलन्दशहर-खुर्जा विकास क्षेत्र की सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर चलाया जा रहा है। प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी कर्मजीत कोर द्वारा बताया गया कि अवैध निमार्णों व विकास कार्यों के विरूद्ध कार्यवाही का अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष महोदया द्वारा जनता से अपील की गई है कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई भी निर्माण व विकास कार्य न करें एवं किसी अवैध कॉलोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय-विक्रय न करें। इस सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नं0 8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# कार ने डॉक्टर को मारी सीधी टक्कर, हालत नाजुक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर अफजलगढ़।** मंगलवार सुबह अफजलगढ़ के धामपुर रोड पर एक तेज रफ्तार सफेद स्विफ्ट कार (नं. ऊछ7उफ1710) ने बाइक सवार डॉक्टर अब्दुल मालिक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा सुबह करीब 10:30 बजे हुआ, जब डॉक्टर पेट्रोल भरवाने जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉक्टर सड़क पर उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए घायल डॉक्टर को गंभीर अवस्था में मुरादाबाद के फोटोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उन्हें गहन निगरानी में रखा है। उनके सिर में गहरी चोट, दोनों कंधों की हड्डियों में फ्रैक्चर और शरीर से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ है पीड़ित के छोटे भाई द्वारा थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि आरोपी कार चालक वरुण पुत्र अज्ञात, निवासी कालागढ़, जनपद बिजनौर, तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। उसने सामने से सीधी टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश तेज कर दी है। थाना प्रभारी सुमित राठी ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पुलिस ने हंगामा कर रही तीन महिलाओं सहित पांच आरोपियों का धारा 151 के अंतर्गत किया चालान

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना।** बैनामे द्वारा बेची गई जमीन के 25 साल बाद हुए दान पत्र पर हुई आपत्ति को स्वीकार कर तहसीलदार द्वारा दान पत्र द्वारा जमीन के जरिए बने मालीक के विरुद्ध आदेश करने पर आदिल अब्बास के साथ आए परिवार के लोग भड़क गए और हंगामा करने लगे तभी अली अब्बास ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया। पुलिस ने हंगामा कर रही तीन महिलाओं सहित पांच आरोपियों का धारा 151 के अंतर्गत चालान कर एक को जमानत और चार को हवालात भेज दिया। जबकि तहसीलदार के अर्दली की तहरीर पर एक और मुकदमा संगीन धाराओं में दर्ज किया गया है मालुम हो कि 5 दिसम्बर 24 को शीतल कुमार पुत्र स्वर्गीय हरपाल सिंह व कमलेश देवी पत्नी हरपाल सिंह निवासीगण ग्राम शेरगढ़ अफजलगढ़ के अधिवक्ता नवीन चौहान ने महफूज निवासी बरेली द्वारा आदिल अब्बास निवासी मोहल्ला नालबंदनान को गोयल स्कूल के पास धामपुर रोड स्थित कर्बला के पास 0.2025 हैक्टेयर क्षेत्रफल के 6 भूखंडों के किए गए दान पत्र के विरुद्ध न्यायालय नायब तहसीलदार नगीना के यहां आपत्ति दर्ज की जिसके विरुद्ध आदिल अब्बास ने अपना पक्ष रखते हुए दान पत्र को सही बताया और शीतल कुमार द्वारा पेश किए गए बैनामे को फर्जी बताया गया। जिसकी जांच स्वयं नायब तहसील द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय जाकर की गई जिसमें बैनामा सही पाया गया। प्रतिवादी आदिल अब्बास की ओर से मुकदमे की शुरूआत में खतीब एडवोकेट व शफकत रईस एडवोकेट द्वारा शुरू में पैरवी की गई थी। आदिल अब्बास की ओर से न्यायालय नायब तहसीलदार से विवाद होने पर उप जिलाधिकारी के आदेश पर मुकदमा तहसीलदार कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया।

# शराबियों ने पुलिस को दी बाइक लूट की झूठी सूचना

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के किवाना मोड पर एक बाग में बैठकर शराब पीकर आपस में झगड़ा कर रहे तीन लोगों ने पुलिस को बाइक छीन कर ले जाने की झूठी सूचना दे दी सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने छानबीन की तो मामला मारपीट का निकला पुलिस तीनों लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी पंकज व निटू और किवाना निवासी राजेश किवाना मोड़ स्थित एक बाग में बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। तीनों लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद के चलते पंकज ने पुलिस को सूचना दी की एक व्यक्ति पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहा है। दूसरी और राजेश ने पुलिस को सूचना दी की दो युवक उसकी बाइक छीन कर भाग गए। अलग-अलग सूचना प्राप्त होने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और सूचना देने वाले दोनों लोगों से जानकारी जुटाई तो मामला तीनों लोगों के बीच मारपीट का निकला। पुलिस ने तीनों लोगों को झूठी सूचना देने के आरोप में हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह का कहना है कि दो लोगों ने पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह किया था पुलिस ने हिरासत में लिया है कार्रवाई की जा रही है।

# मृदुल वृन्दावन धाम में अष्टदिवसीय श्रीगुरू पूर्णिमा महोत्सव 03 जुलाई से

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित मृदुल वृन्दावन धाम में द भागवत मिशन फाउंडेशन के द्वारा अष्टदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीगुरू पूर्णिमा महोत्सव 03 से 10 जुलाई 2025 पर्यंत अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्री हरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवताचार्य आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 03 से 09 जुलाई पर्यंत अपराह्न 03 से सायं 07 बजे तक ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के सेवाधिकारी भागवत रत्न गोस्वामी आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज अपने श्रीमुख से भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की कथा श्रवण कराएंगे। इसके अलावा 09 जुलाई को प्रातः 9 से मध्याह्न 12 बजे तक गुरुदीक्षा समारोह होगा। 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि 03 जुलाई को श्रीमद्भागवत महात्म्य, 04 जुलाई को नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र व शुकदेव आगमन, 05 जुलाई को कपिल देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 06 जुलाई को वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म (नंदोत्सव), 07 जुलाई को श्रीकृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, श्रीगिरिराज पूजन - 56 भोग महोत्सव, 08 जुलाई को महारास कथा, कंस उद्धार, श्रीरुक्मणि विवाह महोत्सव एवं 09 जुलाई को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष व फूलों की होली के साथ कथा का विश्राम होगा। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत प्रवक्ता आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी महाराज भी उपस्थित रहेंगे।

# जेठ और जेठानी पर मारपीट करने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने जेठ और जेठानी पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए दोनों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला खेल निवासी महिला तरमीन पत्नी राशिद ने बताया कि उसका जेठ और जेठानी पीड़िता व उसके पति के साथ आए दिन मारपीट करते हैं।

शुक्रवार को पीड़िता अपने कमरे पर बैठी हुई थी आरोप है कि तभी जेठ और जेठानी ने दोनों पति-पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर अपने जेठ व जेठानी के विरुद्ध थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। दूसरी और पुलिस ने एसपी के आदेश पर चलाए गए वांछित, वारंटियों के अभियान क्रम में अलग-अलग मामलों में न्यायालय से फरार चल रहे गांव गंगेरू निवासी तैमूर, फुगाना निवासी आदेश उर्फ छोटू, गांव डांगरोल निवासी अजय पुत्र हरपाल को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

# मातृ छाया केंद्र के बच्चों के साथ मनाई गई भारत विकास परिषद् के संस्थापक महासचिव डॉ सूरज प्रकाश की जयंती

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा भारत विकास परिषद् के संस्थापक महासचिव डॉ सूरज प्रकाश की जयंती आगरा रोड स्थित मातृ छाया केंद्र के बच्चों के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व क्षेत्रीय संपर्क सचिव आरसी नरूला, जिला समन्वयक मुकेश गोयल, भारत को जानो के प्रांतीय उपप्रभारी ऋषि कुमार वार्ष्णेय, शाखा अध्यक्ष जय शर्मा, उप सचिव उद्धव शर्मा, पर्यावरण गतिविधि संयोजक दीपक भारद्वाज, प्रवीण खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा, विजय गुप्ता, नवीन शर्मा, हिमांशु शर्मा आदि के द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद के छवि चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर, भारत माता, स्वामी विवेकानंद, डॉक्टर सूरज प्रकाश के छवि चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया गया। वंदे मातरम के उपरांत ऋषि कुमार वार्ष्णेय द्वारा डॉक्टर सूरज प्रकाश का संचिप्त जीवन परिचय दिया गया, आर सी नरूला द्वारा भारत विकास परिषद के पांच सूत्र के बारे में बताया गया, जय शर्मा द्वारा भारत विकास परिषद् हाथरस शाखा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया, प्रवीण खंडेलवाल द्वारा हाल में राजस्थान से अस्थि कलश विसर्जित करने आए परिवार कि भारत विकास परिषद् हाथरस शाखा द्वारा की गई मदद के बारे में बताया गया। कार्यक्रम उपरांत राष्ट्रीय गान के बाद सभी बच्चों और उपस्थित जनों को स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर सहयोग देने के लिए मातृ छाया केंद्र के प्रभारी कल्याण सिंह का भी भारत विकास परिषद हाथरस शाखा द्वारा सम्मान किया गया।



# पीएस जहांगीरपुरी टीम की बेहतरीन कार्य टीम द्वारा एक ऑटो-लिफ्टर गिरफ्तार

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम जिला पीएस जहांगीरपुरी की पुलिस टीम द्वारा एक आदतन वाहन चोर शमशाद काका पुत्र साबिर निवासी सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली, आयु 23 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी शमशाद काका एक सक्रिय अपराधी है जो कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह नशे की लत के चलते आसानी से पैसा कमाने के लिए चोरी करता था। अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सक्रिय प्रयास के तहत पुलिस स्टाफ को क्षेत्र में गश्त के लिए तैनात किया गया था। दिनांक 24.06.2025 को हेड कांस्टेबल राकेश और हेड कांस्टेबल राहुल, निरीक्षक नेत्रम सिंह (अतिरिक्त एसएचओ/जहांगीरपुरी) के निर्देशन और श्री प्रवीण कुमार (एसीपी/जहांगीरपुरी) की समग्र निगरानी में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जब पुलिस टीम शाह आलम बंध रोड, जहांगीरपुरी पर पहुंची, उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आते हुए देखा। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति यू-टर्न लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए उसे मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ पर उसकी पहचान शमशाद काका पुत्र साबिर निवासी सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली के रूप में हुई। जब मोटरसाइकिल की जांच की गई, तो वह मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 81उऊ 4397 चोरी की पाई गई, जो कि ई-एफआईआर संख्या 032437/24 दिनांक 19.10.2024 धारा 305(बी) बीएनएस, थाना मॉडल टाउन में दर्ज है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को स्वीकार किया। साथ ही यह भी ज्ञात हुआ कि आरोपी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। आरोपी के खिलाफ आगे की जांच जारी है, जिससे उसके अन्य मामलों में संलिप्तता का पता लगाया जा सके।

# जुलूस के लिए नये रास्ते एवं किसी नई परम्परा की अनुमति कदापि न दी जाये : डीएम-एसपी

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र**



**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रुप से कावड़ यात्रा व आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत एवं जनपद में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने-अपराध नियंत्रण हेतु कलेक्ट्रेट स्थित सभागार कक्ष मे प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश । आगामी पर्व मौहर्रम सम्भावित दिनांक 6 जुलाई एवं श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का प्रारम्भ दिनांक 10 जुलाई से दिनांक 10 अगस्त की अवधि तक पड़ने वाले श्रावण पर्व शिवरात्रि, नाग पंचमी तथा रक्षा बंधन प्रस्तावित हैं ।इस दौरान हिन्दू श्रध्दालुओ-कांवडियों द्वारा पैदल मार्ग से गंगा सहित प्रदेश मे विभिन्न नदियों-सरोवरों से पवित्र जल लेकर शिव मन्दिरों-शिवालयों में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की जाती है। उक्त पर्व को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सभी क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र मे कांवड यात्रा के दौरान कावडियों के आने-जाने वाले रुट का भ्रमण कर लें तथा अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, तिराहों, संवेदनशील स्थानों और कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने व ड्यूटियों को समय-समय पर चेक करने एवं मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया । डीएम एसपी द्वारा संयुक्त रुप से बताया कि कावड़ मार्ग पर मदिरा व माँस की दुकानें बंद रहेगी । जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में विशेषकर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ताजियेदारों के साथ पूर्व से ही बैठक सम्पन्न कर ली जाये तथा धर्म गुरुओं से संवाद स्थापित कर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाये। तथा सभी से ताजियों की ऊँचाई पूर्व निर्धारित मानक के अनुरुप रखने हेतु बताया जाए।

# कुरैश नगर से जुलूस ए परमचम ए इमाम हुसैन निकाला गया

वेलकम इंडिया



**झांसी** - मोहर्रम शुरू होते ही देश भर में इमाम हुसैन के चाहने वाले ताज़िए, बुर्राक, अलम, पंजे, एवं जुलूसे हुसैनी निकालते हैं उसी के चलते आज महानगर के कुरैश नगर इलाके से जुलूस ए परचम ए इमाम हुसैन निकाला गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे ये जुलूस परंपरागत तरीके से जिला ताजिया कमेटी अध्यक्ष याकूब अहमद मंसूरी की अध्यक्षता में निकाला गया। मुख्य अतिथि डॉ बाबूलाल तिवारी शिक्षक विधायक रहे, विशिष्ट अतिथि अकटकट पार्टी के बुंदेलखंड अध्यक्ष सैयद सादिक अली एवं प्रदेश संगठन मंत्री मुख्य मंडल प्रभारी आजाद समाज पार्टी के अनूप कुमार आजाद, भाईचारा कमेटी के हाजी अहमद पहलवान बब्बू, रहे। अतिथियों के आगमन पर फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत इस्तकबाल किया गया। वहीं जुलूस को हरी झंडी दिखाते हुए जुलूस आगे बढ़ाया गया। जुलूस तालपुरा स्थित कच्ची कुइया से कुरैश नगर होता हुआ मदीना मस्जिद पर समाप्त हुआ। इस दौरान अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन के जोरदार नारे लगाए। वहीं सूफी राशिद बरकाती ने इमाम हुसैन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने दुनिया में जुल्म एवं दहशतगर्दी को मिटाने के लिए अपने पूरे परिवार सहित कर्बला के मैदान में शहादत दी थी तभी दुनिया में उनको हर कौम के लोग मोहर्रम पर याद करते हैं। इस दौरान हाजी शकील पहलवान, हैदर डेंटर, शोएब खान, यासिर खान, सफीक कुरैशी, वकील बरकाती, गोलू रजा, शफीक बरकाती, कल्लू शाह, कल्ला, भैय्या, कुरैश नगर ताजिया कमेटी अध्यक्ष हैदर बरकाती, नदीम रजा, राशिद खान, ताजुद्दीन बरकाती, शालू सिद्दीकी, राजा बरकाती, आदि लोग मौजूद रहे।

# बसपा कार्यकताओं ने आयोजित की समीक्षा बैठक



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव खंद्रावली में बसपा कार्यकताओं ने समीक्षा बैठक आयोजित की इस दौरान कार्यकताओं ने पहुंचकर पार्टी को मजबूत करने एवं आगामी चुनाव की रणनीति तैयार की। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव खंद्रावली की हरिजन चौपाल में बसपा कार्यकताओं ने समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में पहुंचे सेक्टर अध्यक्ष फुरकान अली ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाएं और पार्टी की नीति को घर-घर पहुंचने का कार्य करें। जिला अध्यक्ष सुनील जाटव ने कहा कि आगामी 2027 में विधानसभा का चुनाव होना है सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव की तैयारीयों में जुट जाएं, 2027 में पार्टी अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है। मंडल प्रभारी देवीदास जयंत ने कहा कि प्रदेश में भेदभाव की राजनीति हो रही है भाजपा सरकार आम जनता को विकास के मुद्दों से भटकाकर धर्म की राजनीति कर रही है। देशभर में महंगाई चरम सीमा पर है प्रदेश में मजदूर, किसान, व्यापारी परेशान है। व्यापारियों को जीएसटी के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा हैं विद्युत विभाग रात दिन छापेमारी के नाम पर आम जनता का उत्पीड़न कर रहा है। मात्र बसपा पार्टी ही दलित, मुस्लिम तथा पिछड़ा वर्ग की हितेषी है।

इस दौरान सभी कार्यकताओं ने समीक्षा बैठक में आगामी चुनाव की रणनीति तैयार की। इस दौरान संदीप कुमार, वीरपाल सिंह, हरपाल कश्यप, अजय कुमार, राजकुमार डबरा, किरणपाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी

■ तहसील इटवा में कार्यरत राजस्व निरीक्षक सुनील श्रीवास्तव व एक अन्य अधिकारी की शिकायत पूर्व में एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन से कर रखी थी।

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** बस्ती और गोंडा से शुक्रवार की शाम आई एंटी करप्शन टीम ने इटवा तहसील में कार्यरत एक राजस्व निरीक्षक को तहसील गेट के पास चाय की दुकान से रिश्वत घुस लेने के आरोप में उठा ले गई। टीम ने पकड़े गए राजस्वकर्मी के विरुद्ध देर रात बांसी कोतवाली में केस दर्ज कराने की कार्रवाई कर रही थी। राजस्व निरीक्षक के पकड़े जाने से तहसील कर्मियों में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ जुट गई। तहसील इटवा में कार्यरत राजस्व निरीक्षक सुनील श्रीवास्तव व एक अन्य अधिकारी की शिकायत पूर्व में एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन से कर रखी थी। इस शिकायत पर टीम इन दोनों अधिकारियों पर नजर रखे हुए थी। शुक्रवार को भी टीम सुनील श्रीवास्तव के इर्द गिर्द घूम रही थी। इसी दौरान देर शाम राजस्व निरीक्षक चाय पीने के लिए कुछ काश्तकारों के साथ तहसील गेट पर स्थित एक दुकान पर चला गया। अभी वह बैठा ही था कि टीम ने उसे खींचते हुए गाड़ी में बिठा लिया, और ले गई। टीम वहां से देर रात बांसी कोतवाली पहुंचकर केस दर्ज करा रही थी। इससे पूर्व टीम राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध किस थाने में केस दर्ज कराएगी, इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।

एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि मामले की जानकारी है। टीम के केस दर्ज कराने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से ग्राम पंचायत बसहिया चौपाल कार्यक्रम में नही आये ग्रामवासी

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी चौपाल कार्यक्रम जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण धरातल पर धराशाई होता नजर आ रहा है। ताजा मामला विकास खंड बढ़नी के ग्राम पंचायत बसहिया का है, जहां बताया जाता है कि शुक्रवार को गांव की समस्या, गांव में समाधान करने हेतु पंचायत सहायक राम विलास की अध्यक्षता में होना था जहां दोपहर के समय कार्यक्रम स्थल पर एडीओ पंचायत रामविलास राय, ग्राम प्रधान रेखा निषाद, पंचायत सचिव दिलीप कुमार यादव आदि कुछ गिने चुने लोग ही चौपाल कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं आशा, आंगनबाड़ी, कोटेदार, सफाई कर्मी, केयरटेकर, आदि लोग भी कार्यक्रम से नदारद रहे। गांव की जनता भी कार्यक्रम में आने से कतराती रही। जिसके कारण चौपाल कार्यक्रम सही ढंग से सम्पन्न नहीं हो सका और कार्यक्रम को ऐसे ही आधा अधूरा छोड़कर मोजूदा लोग झोला उठाकर चल दिये। बताया जाता है कि जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण चौपाल कार्यक्रम अब कागजों में सिमट कर रह गई है। जो कोरम पूरा कर टाइम पास किया जा रहा है। मौके पर ना तो गांव के जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित होते हैं और ना ही ब्लाक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी रुचि ले रहे हैं, शायद इसी कारण गांव की जनता भी अब अपनी समस्या लेकर चौपाल कार्यक्रम में जाना नही चाहती है। जबकि सरकार की मंशा थी कि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर गांव स्तर पर ही ग्रामीणों की समस्या को सुनकर उसका समाधान किया जाना था। जिसकी सूची जिला स्तर से उच्चाधिकारियों द्वारा बनाकर पहले से ही जारी की जाती है।जो अब सरकार की मंशा पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है।

# आमी नदी में बहता मिला अज्ञात नवजात शिशु का शव

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत कबीर चौरा स्थित आमी नदी में शिव मंदिर घाट के निकट नदी में शुक्रवार की दोपहर में एक अज्ञात नवजात शिशु का शव बहता हुआ दिखा।वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी।सूचना के बाद पहुंची मगहर पुलिस ने नवजात शिशु के शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय खलीलाबाद भेज दिया है। पुलिस चौकी प्रभारी मनीष कुमार जायसवाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि आमी नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर के निकट अज्ञात नव जात शिशु की लाश नदी में बह रही है।उसके बाद अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर शिव मंदिर के दक्षिण स्थित पीपल के वृक्ष के निकट नदी से अज्ञात नवजात शिशु के शव को बरामद किया गया।जिसको देखने से प्रतीत होता है उसकी उम्र करीब दो से तीन माह की रही होगी ।जिसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिलामुख्यालय खलीलाबाद भेज दिया।नवजात शिशु की पहचान नहीं हो सकी है।

# घर में घुसकर चोरी दो युवकों पर लगाया आरोप

**कांधला।** नगर के मोहल्ला मोलानान निवासी एक व्यक्ति के घर में 10 दिन पूर्व चोरों ने घुसकर नगदी जेवरात और मोबाइल चोरी कर लिया था। पीड़ित ने पुलिस को सूचना लेकर अज्ञात में कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित व्यक्ति ने 10 दिन बाद पहचान होने पर थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला मोलानान निवासी नफीस ने बताया कि गत 17 जून को रात्रि में चोरो ने पीड़ित के घर से एक मोबाइल फोन बीस हजार रुपए की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। सुबह सवेरे पीड़ित ने जब सामान बिखरा पड़ा मिला तो चोरी की जानकारी हुई थी पीड़ित ने 18 जून को थाने पहुंचकर तहरीर दी थी और अज्ञात में चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित के अनुसार जानकारी प्राप्त हुई कि पीड़ित के घर में घुसकर मोहल्ले के ही दो युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है शुक्रवार को पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# रजवाहे की पटरी टूटी दर्जनों किसानों के खेतों में घुसा पानी, फसल बर्बाद

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव नाला और कस्बा एलम के दर्जनों किसानों के खेत में रजवाहे की पटरी टूट जाने के कारण पानी घुस जाने से सैकड़ो बीघा फसल बर्बाद हो गई पीड़ित किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग को शिकायत के बावजूद भी कोई भी कर्मचारी पटरी को बंद करने के लिए नहीं पहुंचा इस दौरान किसानों ने रोष व्याप्त करते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव नाला और कस्बा एलम के किसानों के लिए सिंचाई विभाग ने रजवाहे का निर्माण कर रखा है। रजवाहे के पानी से सभी किसान अपने खेतों पर सिंचाई करते हैं। किसान संजीव, जयवीर, अक्षय, अंकित, नरेश, सुरेश, यशवीर, नरेश, राजीव, राजवीर सहित आदि किसानों का आरोप है कि गत 23 जून की सुबह संजीव पुत्र लहरी के खेत में रजवाहे की पटरी टूट जाने से दर्जनों किसानों के खेतों में पानी घुस गया जिस कारण ज्वार, ईंख सहित आदि फसल बर्बाद हो गई। जब किसानों ने मामले की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी तो कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। किसानों के खेतों में क्षमता से अधिक पानी घुस जाने के कारण किसान भुखमरी की कगार पर हैं। कई दिन बीत जाने के बाद भी सिंचाई विभाग ने टूटी हुई पटरी की कोई भी जानकारी नहीं ली और ना पानी बंद किया बल्कि ऊपर से पानी का जलस्तर और बढ़ा दिया। शुक्रवार को दर्जनों किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी शामली को पत्र भेज कर बताया कि रजवाहे का पानी उनके खेतों में घुस जाने से सैकड़ो बीघा फसल बर्बाद हो गई सभी किसानों ने निस्तारण की मांग करते हुए सर्वे कर राजस्व टीम को भेज कर मुआवजे की मांग की है।

# थाना महुली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना महुली वरि0उ0नि0 रामकरन निषाद, का0 अजीत गुप्ता ने मु0अ0सं0 232/2025 धारा 69/352/115(2)/351(3) बीएनएस के मामले मे वांछित अभियुक्त आनन्द उर्फ मोनू पुत्र स्व0 इनरपत चौहान निवासी सीयर थाना खजनी जनपद गोरखपुर को मैन्सिर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर वादिनी के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने संबंध मे वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 23.06.2025 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# आपत्तिजनक भडकाऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसपी को दिया ज्ञापन



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद मे कुछ अराजकतत्वों द्वारा कई दिनों से ब्राह्मण समाज को टारगेट करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भड़काऊ पोस्ट की गई।जिससे नाराज अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा कल्याण परिषद संगठन ने सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर चल रहे ब्राह्मण समाज पर एवं ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को एसपी अभिषेक महाजन को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अराजक तत्वों को जो समाज के ऊपर टिप्पणी कर रहे हैं उन पर कठोर कार्रवाई को लेकर पत्र दिया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सुधीर पांडेय उर्फ फरसा बाबा ने अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। लोगों ने सभी फेसबुक आईडी पर कठोर कार्रवाई करने का भी मांग किया हैं।इस दौरान अधिवक्ता बृजेश पांडेय, पशुपति, राज मंगल पांडेय, रामस्वरूप, वासुदेव, विनोद उपाध्याय, कृपा शंकर त्रिपाठी, विकास मिश्रा, पवन मिश्रा, चंद्रकांत दुबे सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद टम्टा के गांव में वृक्ष प्रेमी मलड़ा ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा विभिन्न गांवों में पर्यावरण प्रेम को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं।काफलीगैर तहसील में पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा के गांव ग्राम पंचायत लोब में पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनो की याद में श्री गोलू वन के नाम से वृक्ष वाटिका का निर्माण किया।और सभी क्षेत्रवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अनवरत कार्य करते हुए वृक्षारोपण करने की अपील की।उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति की अनमोल धरा है।वृक्षो से ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित है। वृक्ष नही तो जीवन नही, वृक्ष हमें प्राण वायु ऑक्सीजन देने वाले और विषाक्त गैसों को शोषित कर बदले में प्राण वायु ऑक्सीजन प्रदान करते है।जिससे हमें धरा में जीवन मिलता हैं।ग्रामवासियों द्वारा अपनों की याद में वृक्ष रक्षक जालियां बनाकर 51 पौधों का रोपड़ किया गया।उन्होंने देवकी लघु वाटिका का आभार जताते हुए लगाए गए पौधों का संरक्षण करने की शपथ ली।इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अपनो की याद में चंदन, कपूर, सिलिंग, मुगा रेशम, लौकाट, नीबू प्रजाति, जामुन, अमरुद, च्युरा, आवला, आम, परिजात, श्रीश, तेजपत्ता आदि प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।साथ ही 25 ट्री गार्ड के साथ सड़क किनारे भी पथ वृक्षारोपण किया गया।वृक्ष मित्र मलड़ा ने आये हुवे पर्यावरण प्रेमियों को भी पौधे भेंट किये।वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने सभी का आभार जताते हुए पर्यावरणसंरक्षण से पलायन को रोकने, रोजगार की समस्यायों को अपने आस-पास अधिक से अधिक बहुउपयोगी पौधों के रोपण, पर्यावरण संरक्षण से ही जल जंगल जमीन की बातों को साकार किये जा सकने की बात कही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने नगला भूरिया में किया 42 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिला पंचायत निधि से नगला भूरिया गांव में निर्मित ईंट-खरंजा एवं सीसी सड़कों के कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीचौधरी ने विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराया। उन्होंने कहा कि विकास कार्य कराना मेरी प्राथमिकता है, यहां अब सभी लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो सकेगी। विकास कराना ही भाजपा सरकार का संकल्प है। आज विधानसभा गोवर्धन के नगला भूरिया में जिला पंचायत निधि से निर्मित ईंट-खरंजा एवं सीसी सड़कों के कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों की अनुमानित लागत 42 लाख है, जो ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नगला भूरिया की सम्मानित सरदारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का फूलमाला, पटुका, स्वाफा और चांदी का मुकुट पहनाकर आत्मीयता और स्नेह दिया। जिपंअ ने सम्मान एवं स्वागत पाकर कहा भव्य स्वागत के लिए समस्त सरदारी का हृदय से बारंबार आभार व्यक्त करता हूँ। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख विनोद चौधरी, पूर्व चेयरमैन सौंख भरत सिंह, देवेन्द्र प्रधान गांव नैनूपट्टी, चन्द्रपाल प्रधान मगोर्रा, मेघश्याम प्रधान सींगापट्टी, चौहल सिंह प्रधान बोरपा, पुष्पेन्द्र मास्टरजी फोंडर सहित दर्जनों गणमान्य सरकारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने हांसी में किया लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री औमप्रकाश धनखड़ ने आपात काल के 50 वर्ष पूरे के उपलक्ष्य में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यहूदी आज भी अपने साथ हुए अत्याचार को नहीं भूले, उसी प्रकार भारतीय जनता को भी 26 जून 1975 की सुबह को याद रखना चाहिए, जब देश की नींद टूटी और उसे पता चला कि देश में आपातकाल लग चुका है। धनखड़ ने कहा कि एक अंग्रेजी अखबार ने उस दिन लिखा था झ ₹संविधान की हत्या करने वालों को भारत के नवजवानों को नहीं भूलना चाहिए।₹ भारतीय जनता पार्टी उसी संकल्प के साथ इस दिन को हृआपातकाल दिवसह्न के रूप में मनाती है ताकि देश की नई पीढ़ी को बताया जा सके कि किस प्रकार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान और लोकतंत्र की हत्या की थी। धनखड़ ने कटाक्ष करते हुए कहा आई से इंडिया, आई से इंदिरा बताने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई देती है। वही कांग्रेस जो कल तक संविधान को कुचल रही थी, आज राहुल गांधी के माध्यम से संविधान की किताब हाथ में लेकर घूम रही है और स्वयं को लोकतंत्र का रक्षक बता रही है। धनखड़ ने आगे कहा कि आपातकाल के दौरान धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक नेताओं को बिना किसी अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, राजनारायण, रामबिलास शर्मा, सहित हजारों नेताओं को मीसा और डीआईआर जैसे काले कानूनों में बंद कर दिया गया। हजारों परिवारों पर अत्याचार किए गए, बोलने की आजादी छीन ली गई, मीडिया पर सेंसरशिप थोप दी गई। उन्होंने कहा कि 1976 में होने वाले आम चुनावों को भी टाल दिया गया और 1977 में जब जनता को बोलने का मौका मिला तो कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। यह लोकतंत्र की ताकत थी जिसने एक सत्तावादी शासन को उखाड़ फेंका। धनखड़ ने कहा कि आज भी वे लोग जो उस समय संविधान की हत्या के दोषी थे, अपने परिवार को ही देश समझते हैं। ऐसे परिवारवादी मानसिकता वाले दलों से सावधान रहने की आवश्यकता है। भाजपा इस ऐतिहासिक सच्चाई को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगोष्ठियों, प्रदर्शनों, प्रदर्शनियों एवं मॉक पार्लियामेंट जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है ताकि देश की नई पीढ़ी लोकतंत्र की कीमत समझ सके। नई पीढ़ी को पता होना चाहिए कि बाबा साहेब का सम्मान मोदी सरकार ने किया है।

# यूटा ने स्कूल पेयरिंग योजना के विरोध मे सीएम के नाम बीएसए को सौपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन(यूटा) ने सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों को आपस में पेयरिंग/मर्ज कर बन्द किए जाने के आदेश का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन प्रभारी बीएसए के.पी. शुक्ला को सौंपा। यूटा ने ज्ञापन के माध्यम से उक्त आदेश को छात्रहित, शिक्षाहित में पुनर्विचार कर परिषदीय विद्यालयों के यथावत संचालन की मांग की है।

जिलाध्यक्ष अंशुल गौतम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व०श्री अटलबिहारी बाजपेयी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को सुलभ एवं आवश्यक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देश मे सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभ किया था। इसी हेतु गाँव व मजरों में प्राथमिक विद्यालय खुलवाए थे। लेकिन वर्तमान में उ०प्र० शासन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज कर बन्द करने का निर्णय लिया गया है। अत्यंत जल्दबाजी में लिया गया निर्णय ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों के लिए अहितकर होगा, इससे समाज में असमानता व बालिकाओं के ड्रॉपआउट में बढ़ोतरी होगी। जिलामंत्री प्रशान्त सारस्वत ने कहा कि गाँव में स्कूल ही एक ऐसा स्थान होता है जो जीवंत विश्वास, भरोसे व अनुशासन का सजीव केन्द्र होता है, शिक्षा की नीति का उद्देश्य विद्यालयों को गिनती में समेटना नहीं बल्कि हर एक बच्चे तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाना है। यदि किसी स्कूल में कम नामांकन है तो वहां समुचित संसाधन व अध्यापक भेजने की आवश्यकता है न कि उस विद्यालय को समाप्त कर देना न्यायसंगत है।ज्ञापन देने में यूटा के जिलाध्यक्ष अंशुल गौतम, जिलामंत्री प्रशान्त सारस्वत, जिला कोषाध्यक्ष जतिन अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी नेत्रपाल सिंह निमोरिया, पवन ठुकरेला, आकाश चौरसिया ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सौरभ सारस्वत, पवन, कृष्ण माधव अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अजीत सिंह, श्यामसुंदर सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भ्रष्टाचार उजागर

वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद** । जिस राजस्व विभाग के मुखिया स्वयं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी हैं । विभाग के चकबंदी न्यायालय में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है मामला वाराणसी के ग्राम -कल्लिपुर, थाना- मिजार्मुराद, वाराणसी से संबंधित है ।72 वर्षीय वृद्ध महिला की इकलौते पुत्र जो कि कैंसर पीड़ित थे जिनका इलाज दिल्ली के फोर्टिस हॉस्पिटल में चल रहा था , इसी मौके का फायदा उठाकर चकबंदी कर्मचारी उदय बहादुर सिंह उर्फ कल्लू सिंह ने पुश्तैनी संपत्ति को हड़पने की नीयत से वृद्ध महिला की 25 वर्ष पूर्व वरासत को आपंजीकृत, कूटरचित दस्तावेज , जो की सन 2004 के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया है। कूटरचित दस्तावेज को सेवानिवृत्ति चकबंदी कर्मचारी उदय बहादुर सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह द्वारा वृद्ध महिला के पिता के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों की मिलीभगत से खातासंख्या, ब्रांच, व हस्ताक्षर मिलने की की गई कोशिशेजबकि 72 वर्षीय वृद्ध महिला अपने पिता की एकमात्र पुत्री है और पिता की मृत्यु के उपरांत अपने पुश्तैनी संपत्ति पर चकबंदी से ही दाखिल चली आ रही है एवं ग्राम कल्लिपुर का चकबंदी व धारा 52 का प्रकाशन सन 2005 में ही हो चुका हैचकबंदी विभाग के ही सेवानिवृत्ति कर्मचारी उदय बहादुर सिंह उर्फ कल्लू सिंह एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी वाराणसी के मिली भगत से किया गया बड़ा खेले कैंसर पीड़ित इकलौते पुत्र की मृत्यु के बाद वृद्ध महिला से सुलह समझौता का हवाला देकर , छल कपट की नीयत से सेवानिवृत्ति चकबंदी कर्मचारी उदय बहादुर सिंह उर्फ कल्लू द्वारा वृद्ध महिला से दिनांक 8/ 8/ 2024 को लगभग 50 लाख रुपए कीमत की जमीन उसके उपरांत सेवानिवृत्ति चकबंदी कर्मचारी उदय बहादुर सिंह उर्फ कल्लू द्वारा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, वाराणसी पवन कुमार सिंधु के मिली भगत से दिनांक 23/11/2024 से स्थगन आदेश प्राप्त कर वृद्ध महिला से घर व एक बिस्सा जमीन की दोबारा मांग की गई वृद्ध महिला द्वारा इनकार करने पर, वृद्ध महिला को किया जा रहा है।

# सी सी सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को मिलेगी जलभराव और कीचड़ से निजात

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** मथुरा रोड स्थित गोवर्धन धाम कॉलोनी के नागरिकों को वर्षों बाद जलभराव और कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने कॉलोनी में बनने वाली तीन सी सी सड़क का पूजन कर शिलान्यास किया।

शुक्रवार दोपहर चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने गोवर्धन धाम कॉलोनी में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारों के बीच पूजन कर सी सी सड़को के निर्माण का शिलान्यास किया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉलोनी के नागरिकों ने चेयरमैन और सभासदों का दुपट्टा , माला, और स्वाफा बांध कर स्वागत किया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि कॉलोनी के नागरिक विगत दो दशक से जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान थे। नगर पंचायत द्वारा समस्या को देखते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना में इन रास्तों को स्वीकृत कराया है। आज नगर पंचायत अध्यक्षा ने सभासदों की उपस्थिति में 90 लाख की लागत से बनने वाले तीनों सी सी सड़को का शिलान्यास किया है। इस अवसर पर सभासद रूप किशोर सैनी, रेखा चंद्रभान चौधरी, मुकुट सैनी, धर्मेंद्र सिंह, राकेश सिंघानिया, मोहन लाल शर्मा एडवोकेट, सुरेश चंद तिवारी, मास्टर राम स्वरूप पाराशर, मास्टर बाबू लाल मिश्रा, हर स्वरूप सैनी, वंशी वाले बाबा, चंद्रभान बघेल, अजय यादव, नेकराम शर्मा, रूप किशोर शर्मा, अम्बरीष वर्मा, गिर्राज सिंह, हेतराम शर्मा , नरेंद्र सिंह, पप्पू ठाकुर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना परिसर आगामी मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से आए तजियादार व सभ्रांत लोग उपस्थित रहे ।थाना प्रभारी ने कहां की किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी मोहर्रम में नही होनी चाहिए अगर किसी को कोई समस्या है तो समय से पुलिस को बताए पुलिस उसका निस्तारण करेगी। मोहर्रम के दौरान शरारती तत्वों एवं अराजकतत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी अगर सोशल मीडिया पर किसी के भी द्वारा भड़काऊ पोस्ट या अन्य कोई भी गतिविधि पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाएगा ।इस दौरान तजियादार पिलोरी निवासी मिठाई लाल ने पुलिस को बताया कि ताजिया जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा नाले का पानी बहाया जा रहा है जिसपर थाना प्रभारी ने मौके पर खजुरी चौकी प्रभारी को भेजकर निस्तारण हेतु बोले वही ठठरा निवासी अब्दुल हमीद ने बताया कि ताजिया जाने वाले मार्ग पर कछवांरोड चौराहे पर बिजली के तार व पेड़ के डाल पड़ रहे है, नयापुर निवासी महमूद ने बताया रास्ते में कुछ लोगो द्वारा सीढ़ी लगा दिया गया है, करधना कलवरिया निवासी फिरोज अंसारी ने बताया कि रास्ते में गन्दा पानी बहता है थाना प्रभारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण की बात कही गई है ।इस दौरान खजुरी चौकी प्रभारी प्रीतम तिवारी, करधना चौकी प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा, कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल, एसआई महेंद्र सरोज, ग्राम प्रधान करधना निशार अंसारी, अब्दुल हमीद, शैयद खान, पन्ना लाल पटेल, वीरेन्द्र, फरीद खान, नियाज खान, नाजिल अहमद, मुबारक खान, गुल्लू खान, जहूर, फिरोज अंसारी, सुहैल समेत दर्जनों की संख्या में ताजियादार व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# एसपी देहात ने आगामी कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**डिबाई/बुलंदशहर/शुक्रवार** को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह द्वारा आगामी कावड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कावड़ यात्रा मार्ग अनूपशहर से भीमपुर दौराहा से छतारी अलीगढ बोर्डर तथा भीमपुर दौराहे से नरौरा बदांयू बोर्डर तक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एन एच ए आई के अधिकारियों तथा कॉन्ट्रेक्टर को सुरक्षा के दृष्टिगत चिन्हित किये गये एक्सीडेंट हॉट स्पॉट पर डिवाईडर व स्पीड ब्रेकर बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सम्बन्धित थाना प्रभारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर थाना प्रभारी डिबाई, थाना प्रभारी अनूपशहर, थाना प्रभारी नरौरा, थाना प्रभारी छतारी भी मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियाँ तेज, जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशन में व्यापक रणनीति तैयार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जिले में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियाँ जोर पकड़ रही हैं ।उच्च न्यायालय द्वारा रोक हटाने के बाद अब निर्वाचन आयोग युद्धस्तर पर तैयारियों में जुट गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) एवं जिलाधिकारी आशीष भटगांई के कुशल नेतृत्व में निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न विभागीय अधिकारियों की ज़िम्मेदारियाँ निर्धारित कर दी गई हैं ।इस कड़ी में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी, पारदर्शिता और पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा, और उसकी ज़िम्मेदारी तय की जाएगी ।जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा निर्वाचन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा, अपर जिलाधिकारी को कानून-व्यवस्था, परियोजना निदेशक को आदर्श आचार संहिता, तथा जिला विकास अधिकारी को कार्मिक मामलों का दायित्व सौंपा गया है ।मुख्य शिक्षा अधिकारी को प्रशिक्षण, पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता को प्रेक्षक व्यवस्था, ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को टेंट एवं बैरिकेडिंग, और जिला पंचायत राज अधिकारी को मतपत्र वितरण का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही, विद्युत विभाग और जल संस्थान को क्रमशः विद्युत आपूर्ति और पेयजल की व्यवस्था सौंपी गई है ।समाज कल्याण अधिकारी दिव्यांगजन सुविधाओं के, जबकि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत लॉजिस्टिक व्यवस्था के नोडल होंगे। ब्लॉक स्तर पर सभी व्यवस्थाओं के लिए खंड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अतिरिक्त, संबंधित उपजिलाधिकारियों को आचार संहिता, एआरटीओ को यातायात, वरिष्ठ कोषाधिकारी को व्यय, और जिला सूचना अधिकारी को मीडिया प्रबंधन का दायित्व सौंपा गया है। पूर्ति अधिकारी खानपान व्यवस्था के नोडल होंगे। अन्य कई विभागों को भी सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** कलैक्ट्रेट के सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा शासकीय अधिवक्तावार वादों में प्रगति की स्थिति की विस्तृत रूप से समीक्षा की। मा0 न्यायालय में दायर वादों में सरकार की ओर से मजबूती से पक्ष रखकर दोषियों को सजा दिलाए। गैंगस्टर एक्ट, पॉस्को एक्ट, एससी एसटी एक्ट, आबकारी, 25 आर्म्स एक्ट आदि मामलों में पुलिस व अन्य सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत कराते हुए दोषियों को सजा कराये। पुलिस को भी निर्देश दिए गए कि दायर वादों में मा0 न्यायालय के समक्ष गवाहों को सुरक्षा के साथ प्रस्तुत कराकर गवाही कराए। जिन मुकदमों में बिना सजा के छूटे हैं उनमें समयबद्धता के साथ अपील दायर की जाए। निर्देशित किया गया कि सरकार की मंशा के अनुरूप दोषियों को मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए सजा दिलाए। शासकीय अधिवक्ता की परफोर्मेंस की मॉनिटरिंग के लिए जो शासन से प्राप्त दिशा निर्देश है उनके अनुसार समीक्षा कराए जाने के लिए बिंदुवार सूची बनाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय, एसपी क्राइम सहित संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला शासकीय अधिवक्ता सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने मोहर्रम और कावड़ यात्रा मार्गो का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** नगर में शुक्रवार को मोहर्रम जुलूस और कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर एसडीएम दीपक कुमार पाल सीओ मधूप कुमार सिंह, कोतवाल चन्दगीराम, पालिका ईओ नीतू सिंह, शहरी जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग और पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता आदि की मौजूदगी में नगर पालिका को सभी मार्गों की साफ सफाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं विद्युत विभाग को मार्ग में लटके बिजली की तारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिए गये हैं। जल जीवन मिशन द्वारा जो सड़के उखाड़ी गई है उनको तत्काल मरम्मत का कार्य किया जाए।

# गोवर्धन विधायक, मंडलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक ने ली सभी विभागों की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** मुड़िया पूर्णिमा मेला की व्यवस्थाओं को लेकर मा0 विधायक ठा0 मेघश्याम सिंह जी, मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण श्याम बहादुर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सभी विभागों के साथ व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा की। मुड़िया पूर्णिमा मेला दिनांक 04 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक गोवर्धन तहसील में आयोजन होगा, जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों द्वारा श्री गिर्राज जी महाराज की परिक्रमा लगाई जाएगी। उक्त परिक्रमा लगभग 21 किलोमीटर की है, जिसमें विभिन्न मंदिर आते है। बैठक में मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधीनस्थों को कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गया। माननीय विधायक गोवर्धन श्री मेघश्याम सिंह जी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए पुलिस का व्यवहार विन्रम रहे। भंडारे के आयोजकों से विशेष साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जाए। भंडारे के आयोजकों द्वारा कूड़ादान लगाया जाए तथा नियमित सफाई की जाए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों में अवगत कराया कि बिजली के खंबों पर प्लास्टिक रैपिंग की गई है। स्ट्रीट लाइट, हाईमास्क व सोलर हाइमास्क आदि लाइटें निरंतर सुचारु रहेंगी, जिसपर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि विद्युत कर्मचारियों की परिक्रमा मार्ग पर नियमित दूरी पर ड्यूटी लगाए, जिससे विद्युत समस्या आने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बैठक में गड्ढा मुक्त, पार्किंग, बैरियर, बैरीकेडिंग, वॉच टॉवर आदि के बारे में जानकारी दी, जिसपर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी पार्किंग में मजबूत रैंप बनाए जाएं, जो बारिश में गाड़ियों के सुगम आवागम में मदद करे।

# एसआरएम आईएसटी में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर 8 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाज़ियाबाद में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन द्वारा प्रायोजित आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 27 जून से 4 जुलाई तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज की गहन समझ विकसित करना एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 75 प्रतिभागियों ने सहभागिता की है। उद्घाटन सत्र में एआईसीटीई द्वारा नामित विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमे मोती चंद यादव (रिसोर्स पर्सन, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई), आर. पी. सिंह (को-फैसिलिटेटर, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई), आलोक कुमार पाण्डेय (को-फैसिलिटेटर, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई) तथा सुश्री पूजा शर्मा (पर्यवेक्षक, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई) सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यू एसी) ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. नवीन अहलावत (डीन, विज्ञान एवं मानविकी) एवं प्रो. आर. पी. महापात्रा (डीन) ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।इसके बाद एआईसीटीई की ओर से सुश्री पूजा शर्मा ने यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज-कक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन, विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आइक्यूएसी ) तथा डॉ. गीता भवानी (डीन, अनुसंधान) के मार्गदर्शन में स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. महेश गुप्ता, यूएचवी सेल के सदस्यों एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम द्वारा आयोजित उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह आयोजन मानव मूल्यों की समझ को सुदृढ़ करने तथा शैक्षिक वातावरण में उनके समावेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन ने बुलाई बैठक



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने कोतवाली में कांवड़ सेवा शिविरों के संचालको एवं एसपीओ की एक बैठक बुलाई। जिसमें अधिकारियों ने सभी से सहयोग करने की अपील की। बैठक में एसीपी ज्ञान प्रकाश राय तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा ने लोगों से सुझाव लिए। लोगों ने कांवड़ सेवा शिविर लगाने के लिए एक ही जगह अनुमति मिलने बिजली आदि समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया । अधिकारियों ने सुझावो पर अमल करने का आश्वासन दिया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा ने कावड़ सेवा शिविर संचालको से कांवड़ सेवा शिविर सड़क से हटकर निर्धारित स्थान पर लगाने तथा शिविर में सेवा करने वाले श्रद्धालु जनो की पूरी जानकारी रखने आदि बातें बताने के साथ-साथ सहयोग करने की अपील की। बैठक में सभी लोगो ने कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। एसपीओ के प्रभारी विनोद गोड ने बैठक का संचालन करते हुए एसपीओ की तरफ से पूर्ण सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन दिया। बैठक में डॉ पवन सिंघल, मूलचंद गर्ग, डा बबली गुर्जर, अरविंद अग्रवाल,निर्दोष खटाना, सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, सभासद प्रदीप शर्मा, मोनू धामा सुबह सिंह पंकज कंसल महेश तायल, जयप्रकाश शर्मा, राजेंद्र कौशिक, बबलू चौधरी आदि लोगों ने अपने अपने सुझाव दिए।

# डीजीआर पब्लिक में स्कूल महिला सुधार सांकेतिक रैली का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** डीजीआर पब्लिक स्कूल, पतला में स्कूल की एनसीसी इकाई द्वारा 35 यूपी बटालियन एनसीसी मोदीनगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीयूष कुमार के मार्गदर्शन में महिला सुधार सामाजिक सांकेतिक रैली का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।इस रैली में एनसीसी के कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा समाज में महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सोनल चौधरी एवं विद्यालय प्रबंधक गुलबीर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना एवं समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय और हिंसा के विरुद्ध जनचेतना फैलाना था। रैली का सफल संचालन एनसीसी अधिकारी श्री गुड्डू गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण झ पूनम कुमारी, नीरज शर्मा, रचना शर्मा, दिव्या शर्मा, वर्षा चौधरी, आकांक्षा शर्मा, प्रियंका त्यागी, मीनाक्षी एवं कपिल कुमार झ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह रैली न केवल छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रही, बल्कि समाज के लिए भी एक सशक्त संदेश लेकर आई।

# पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निमार्णी में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान -2 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण करने एवं पर्यावरण के लिए जीवन शैली का अनुकरण करने के क्रम में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निमार्णी मुरादनगर के एन सी सी कैडेट, छात्रों एवं स्टाफ ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के लिए जीवनशैली का अनुकरण करने का संदेश दिया।इस दौरान जामुन, इमली, आँवला, अमरूद, नीम,अर्जुन,सीसम, अशोक आदि विभिन्न प्रजातियों के 60 पौधे लगाये गए। विदित हो कि वन महोत्सव से पूर्व विद्यालय में सौ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसे समय से पूर्ण कर लिया जाएगा। पौधरोपण के उपरांत एन सी सी ऑफिसर अनुराग गुप्ता ने सभी को उनकी देख रेख करने एवं आमजन को पौधारोपण कराने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि बसंत ऋतु के दौरान वृहद स्तर पर पौधारोपण के लिये शासन के निदेशों के अनुक्रम में विद्यालय प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण के क्रम में सुरक्षित स्थानों पर पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण करके हरा भरा बनाने का संदेश देंने एवं अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है ताकि पर्यावरण को रक्षित एवं संरक्षित किया जा सके। पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर पर्यावरण क्लब गाज़ियाबाद की टीम के सदस्यों,उत्कर्ष शर्मा ,परवेज, आर सी त्यागी,यश शर्मा,अर्पित वर्मा,वैभव गुप्ता आदि का सहयोग अति सराहनीय रहा। इस दौरान मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ ने भी विद्यालय परिसर में दो दो पौधे लगाए तथा सभी से वसंत ऋतु के दौरान अपने अपने परिवेश में दो दो पौधे लगाने का आह्वान किया। इस दौरान वन विभाग से उपनिरीक्षक महेद्र, उप निरीक्षक संजीव कुमार व 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के अधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

# शिव शक्ति मंदिर बैंक कॉलोनी का 27 वा वार्षिक उत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** शिव शक्ति मंदिर बैंक कॉलोनी का 27 वा वार्षिक उत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया ।शिव शक्ति मंदिर के वार्षिक उत्सव के मौके पर सुंदरकांड का पाठ श्रद्धाभाव के साथ किया गया ।इस मौके पर हवन और भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हकुमत राय मित्तल ,ईश्वर दास गुप्ता , नरेश दादू , अमित कुमार मित्तल ,अमित गुप्ता एवं नवीन दादू आदि श्रद्धालु का सहयोग रहा।

# हिमांशु थापर ने भाजपा मोदीनगर शहर मंडल में मंडल मंत्री पद से दिया इस्तीफा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भाजपा मोदीनगर शहर मंडल मंत्री हिमांशु थापर ने भाजपा जिला अध्यक्ष चौ० चैनपाल सिंह को लिखे एक पत्र में शहर मंडल टीम में पंजाबी समुदाय की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शहर मंडल मंत्री पद इस्तीफा दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष को लिखे पत्र में हिमांशु थापर ने कहा है कि मै मोदीनगर पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता हूं। वर्ष 2019 से अभी तक मोदीनगर शहर मंडल टीम में मंडल मंत्री हूं। मैंने पूरी निष्ठा से पार्टी की सेवा की है और जीवन भर करता रहूंगा। उन्होंने कहा है कि मोदीनगर शहर मंडल टीम में पंजाबी समुदाय की उपेक्षा की गई है। जिस के कारण पंजाबी समाज में रोष है। मैं अपने पंजाबी समाज की सहमति से भाजपा मोदीनगर शहर मंडल मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पत्र में कहा है कि मैं पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता बनकर जीवन भर पार्टी की सेवा करता रहूंगा।

# त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया




**बुगरासी।** चौकी प्रांगण में शुक्रवार को त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मोहर्रम जुलूस निकालने व कांवड पर्व को लेकर की गई बैठक में एसडीएम रविन्द्र प्रताप सिंह ने सभी भाईचारे व सौहार्द से त्यौहार मनाने की अपील की। सीओ प्रखर पांडेय ने कहा शरारती तत्वों से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन आपकी सेवा में तत्पर है। सूचना मिलते ही खुराफाती लोगों से तुरंत निपटा जायेगा। उन्होंने सभी से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। एसडीओ प्रवीन कुमार वर्मा ने विद्युत सबंधी सूचना पर जानकारी दी। डीजे की हाईट, मादक पदार्थ इस्तेमाल न किये जाने की भी अपील की। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर फिजूल की पोस्ट न डालने के लिये लोगों को जागरूक किया। अधिकारियों ने कांवड रूट की चैकिंग भी की।

# डीएम ने खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति ने खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विभागीय कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा की। विभाग द्वारा की जा रही प्रवर्तन की कार्यवाही के बारे में डीओ फूड द्वारा बताया गया। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालो के विरुद्ध की गई कार्यवाही एवं सैंपल लेकर जांच के लिए भेजने एवं लैब से प्राप्त होने वाले सैंपल के रिजल्ट के उपरांत अमल में लाई जाने वाली कार्यवाही के बारे में भी अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होने दी जाए। नियमित निरीक्षण करते हुए सैंपलिंग की कार्यवाही कराए। खाद्य पदार्थों की अच्छी दुकानों का गुणवत्ता सर्टिफिकेशन भी कराया जाए। मिलावट करने वालों पर की गई कार्यवाही का प्रचार प्रसार भी कराए जिससे ऐसे लोग जो खाने की चीजों में मिलावट करते हैं उन्हें सबक मिल सके। नकली दवाओं की रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि जांच कर नकली दवाओं का व्यापार करने वालो के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल के लाई जाए।

# काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट: 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मुरादनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** शुक्रवार को, काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, ने ₹एआई के युग में नवीन प्रथाओं को पुनर्परिभाषित करना₹ विषय पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन साउथवेस्टर्न ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और सी०आर०सी प्रेस, टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया गया है, जो 27-28 जून को आयोजित किया जाएगा।

इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योग जगत के नेताओं, शोधकताओं और छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को आगे बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श किया। उद्घाटन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. आतिश चट्टोपाध्याय (निदेशक, आईएमटी गाजियाबाद), विशिष्ट अतिथि प्रो. चंदन शर्मा (प्रोफेसर, आईआईएम लखनऊ), डॉ. मृणालिनी शाह (प्रोफेसर, आईएमटी गाजियाबाद), डॉ. मनोज गोयल (संयुक्त निदेशक, काईट), डॉ. आदेश पांडे (निदेशक अकादमिक, काईट) और डॉ. बिंकी श्रीवास्तव (डीन, काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सभी डीन, प्रमुख, एवं एमबीए विभाग के संकाय और छात्र समन्वयक उपस्थित थे।

# विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विषेश चैंकिग अभियान चलाया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विषेश चैंकिग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर ग्राम विध्यापुर, शाजहांपुर, बखारवा तथा गदाना, मोदीनगर में चैंकिग अभियान चलाया गया। चैंकिग अभियान के दौरान 57 नं० व्यक्तियों के परिसर चैक किये गये जिसमें 1 नं0 मीटर टेम्पर्ड, धारा 135 (ए) में 6 नं० तथा धारा 138 (बी) के अन्तर्गत 3 नं० प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त खण्ड के अन्तर्गत 193 नं० विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन को अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये। अधिशासी अभियन्ता मोदीनगर महेश उपाध्याय ने खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध किया है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड / खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें गये तथा समस्त विद्युत बकायेदार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र/ऑनलाईन तथा उपकेन्द्र पर उपस्थित होकर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें। अन्यथा की स्थिति में अस्थायी रूप से संयोजन विचछेदन तथा पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद व विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

# जनपद स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जनपद स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक श्री अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में श्रम विभाग की ओर से उप श्रमायुक्त श्री अनुराग मिश्र द्वारा की गयी विभाग की कार्यवाही एवं प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि विगत वित्तीय वर्ष में कुल 285 जिनमें 36 खतरनाक श्रेणी के 249 गैर खतरनाक प्रक्रिया में चिन्हांकन किये गये। निरीक्षणों में खतरनाक प्रक्रिया में 67 बाल श्रमिक एवं गैर खतरनाक में 256 किशोर श्रमिकों के चिन्हाकंन किये गये। यह कार्यवाही एण्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट एवं गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से की गयी। यह भी अवगत कराया गया कि खतरनाक श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करने के बाद उनके रेस्क्यू कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के समक्ष आयु परीक्षण के लिए एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष उन बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंपने के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया जाता है। प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र यथा श्रीराम पिस्टम लि0, मेरठ रोड, बुलन्दशहर रोड़ इण्डस्ट्रीयल एरिया व आई0आई0ए0 के सहयोग से समय-समय पर गोष्ठी की जाती रही एवं प्रचार वाहन को बाल श्रम सम्भावित क्षेत्रों में घुमाकर व्यापक प्रचार-प्रचार किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने शैक्षिक पुनर्वासन के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि श्रम विभाग द्वारा बाल श्रमिकों की भेजी गयी सूची पर प्राथमिकता पर बच्चों के एडमिशन कराना सुनिश्चित करें एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि वे बच्चों के आयु परीक्षण कराने हेतु एक नोडल अधिकारी को नामित करते हुए श्रम विभाग के साथ आवश्यक समन्वय व सहयोग कराना सुनिश्चित किया जायें। बच्चों के परिवारों का आर्थिक पुनर्वासन के लिए जिला समाज कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं से उक्त बच्चों के परिवारों को आच्छादित किया जाये एवं श्रम विभाग समय-समय पर सम्बंधित विभागों से समन्वय कर कार्यवाही पूर्ण करायें। बुलन्दशहर रोड इण्डस्ट्रीयल क्षेत्र के प्रतिनिधि श्री सुशील अरोडा द्वारा आश्वस्त किया गया कि उनका संगठन श्रम विभाग से सूची प्राप्त कर ऐसे बाल श्रमिकों को किताब, कॉपी एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने का भी प्रयास करेगा।

# शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज गाज़ियाबाद में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय श्री अरुण सिंह जी को ₹शेर-ए-पंजाब₹ महाराजा रणजीत सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनका चित्र भेंट कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। यह चित्र भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के नेतृत्व में पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह, गगन सिंह अरोड़ा, बलप्रीत सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महाराजा रणजीत सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और न्यायप्रिय शासन की गौरवगाथा साझा की। सभी ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया और राष्ट्रभक्ति के उनके योगदान को याद किया। शेर-ए-पंजाब के नाम से प्रसिद्ध महाराजा रणजीत सिंह जी ने भारतीय इतिहास में वीरता, संगठन और सांप्रदायिक सौहार्द की अद्वितीय मिसाल पेश की। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## हाउस टैक्स में बेतहाशा बढ़ोतरी पर समाजवादी पार्टी का हल्ला बोल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री राकेश यादव ने नगर निगम पर जनविरोधी नीतियों को लेकर जमकर निशाना साधा और चेतावनी दी कि यदि टैक्स वृद्धि वापस नहीं ली गई, तो समाजवादी पार्टी गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक आंदोलन छेड़ेगी। राकेश यादव ने कहा कि नगर निगम ने हाउस टैक्स को चार गुना तक बढ़ा दिया है, जबकि शहर की मूलभूत सुविधाएं बदहाल हैं। जनता पहले ही महंगाई से त्रस्त है और अब इस टैक्स बम से मध्यम वर्ग और गरीब तबके की कमर तोड़ी जा रही है, उन्होंने आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि जनसुविधाओं में कोई ठोस सुधार न होने के बावजूद कर में इतनी बढ़ोतरी किस आधार पर की गई। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने नगर निगम की नीतियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जल निकासी, कूड़ा प्रबंधन और सड़कों की मरम्मत जैसी बुनियादी सेवाएं ठप हैं, फिर भी जनता से जबरन वसूली जैसा टैक्स वसूला जा रहा है। बारिश होते ही पूरा शहर तालाब बन जाता है, लेकिन नगर निगम का ध्यान सिर्फ कर वसूली पर केंद्रित है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों व पार्षदों नितिन त्यागी, राजन कश्यप, आदिल मालिक, आरिफ मालिक, मोहम्मद कल्लन, आसिफ चौधरी, संजू चौधरी और मिजार्पुर पार्षद प्रतिनिधि ने भी नगर निगम की कार्यप्रणाली की आलोचना की और कहा कि जनता के धैर्य की परीक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सम्मेलन का विधिवत आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिनांक 24 जून 2025 को ह्लपासपोर्ट सेवा दिवसह्व के विशेष मौके पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद को वर्ष 2024-25 के दौरान नागरिकों को पासपोर्ट सम्बंधी सेवाएं अत्यंत सुलभ रूप से प्रदान करने के क्रम में नवोन्मेषी कदम उठाने एवं नागरिक केंद्रित विशेष पहलों को शुरू करने हेतु ह्लविशेष पुरस्कारह्व से सम्मानित किया गया। यह विशेष पुरस्कार माननीय विदेश राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा द्वारा डाक विभाग के सदस्य (संचालन) श्री हरप्रीत सिंह, सचिव (सीपीवी एवं ओआईए) श्री अरुण कुमार चटर्जी एवं संयुक्त सचिव (पीएसपी) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी डॉ. के. जे. श्रीनिवास की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री अनुज स्वरूप को प्रदान किया गया। 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस पर विदेश मंत्री द्वारा भारत और विदेशों में सभी पासपोर्ट प्राधिकरणों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि ह्लसेवा, सुशासन और गरीब कल्याणह्व के मार्गदर्शन में पासपोर्ट कार्यालय के सराहनीय प्रयास नागरिकों को सुगम यात्रा, वैश्विक कार्यस्थलों तक व्यापक पहुंच और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 और ई-पासपोर्ट के कार्यान्वयन के साथ, विदेश मंत्रालय पासपोर्ट सेवाओं को और अधिक समयबद्ध, पारदर्शी और सुलभ बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। कार्यक्रम के दौरान विदेश राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा द्वारा नागरिक-केंद्रित नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए भारत और विदेशों में सभी पासपोर्ट प्राधिकरणों को शुभकामनाएं दीं एवं प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि एवं विदेश मंत्री के मार्गदर्शन के अनुरूप, पासपोर्ट सेवाओं को और अधिक समयबद्ध, सुगम, पारदर्शी और नागरिक-मित्रतापूर्ण बनाने की विदेश मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दोहराया।

बताते चलें कि नवम्बर 2023 में पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद में पदभार ग्रहण करने के बाद श्री अनुज स्वरूप द्वारा लम्बित मामलों में त्वरित कमी लाने के लिए एवं आवेदकों की सहूलियत के लिए अनेक नवाचार किए गए जिनका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला।

## नकली कीटनाशकों पर कसा शिकंजा, कृषि विभाग ने विक्रेताओं को दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में नकली, अधोमानक और अवैध कीटनाशी रसायनों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप कीटनाशी रसायन उपलब्ध कराने के लिए सभी निजी विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में बिना वैध लाइसेंस के किसी भी प्रकार के कृषि रसायन का उत्पादन अथवा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। सभी अधिकृत विक्रेताओं के पास कृषि रक्षा अधिकारी से प्रमाणित स्टॉक पंजिका होना अनिवार्य है, जिसमें नियमित रूप से स्टॉक विवरण अंकित किया जाना चाहिए। साथ ही, प्रत्येक माह के अंत तक स्टॉक का विवरण निर्धारित प्रारूप में जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। विकास कुमार ने दो टूक कहा कि नकली, अधोमानक एवं कालातीत रसायनों की बिक्री किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कीटनाशी अधिनियम 1968 के तहत लाइसेंस निरस्तीकरण सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि विक्रेताओं द्वारा केवल लाइसेंस पर अंकित पीसी (प्राधिकार प्रपत्र) वाले रसायनों की ही बिक्री की जाए। यदि किसी नए रसायन को शामिल करना हो, तो उसे विधिवत लाइसेंस में जोड़वाकर निरीक्षण के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही, हर बिक्री पर कृषकों को कैश मेमो या रसीद देना अनिवार्य किया गया है।

## होर्डिंग कारोबार में हिस्सेदारी का झांसा देकर उड़ाए 80 लाख, , एंटी फ्रॉड सेल की जांच में खुला बड़ा फजीर्वाड़ा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में होर्डिंग विज्ञापन कारोबार की आड़ में एक बड़े ठगी के मामले का पदार्फाश हुआ है। विस्तार कम्यूनिकेशन के संचालक रवि गुर्जर उर्फ रामेंद्र सिंह पर एक विज्ञापन कारोबारी से 80 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद वेव सिटी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

शाहपुर बम्हैटा निवासी लव यादव ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 में रवि गुर्जर ने उन्हें गाजियाबाद नगर निगम के डिजिटल विज्ञापन टेंडर में साझेदारी का लालच दिया। रवि ने दावा किया कि वह मीडिया-24 के साथ मिलकर टेंडर लेने जा रहा है और 10त्न की हिस्सेदारी में उन्हें भी जोड़ा जाएगा। इसी झांसे में पहले 65 लाख रुपए लिए और बाद में 15 लाख और मांग लिए। विश्वास दिलाने के लिए रवि ने अपने परिचितों मोहित और दीपक की मौजूदगी में कुछ दस्तावेजों पर लव यादव से हस्ताक्षर कराए और 80 लाख के बदले पार्टनरशिप का आश्वासन दिया। लेकिन जब लव यादव ने मुनाफे की मांग की तो रवि मुकरने लगा। जांच में सामने आया कि अनुबंध में लव यादव का कोई वैधानिक हिस्सा नहीं है, और तीन साल से पहले किसी तरह की ट्रांसफर का अधिकार ही नहीं दिया गया था। ठगी की बात उजागर होने पर रवि ने पहले ब्याज समेत रकम लौटाने का वादा किया और कुल 1.17 करोड़ रुपए के चेक सौंपे। इनमें से केवल तीन लाख का चेक क्लियर हुआ जबकि बाकी चेक बाउंस हो गए। विरोध करने पर रवि ने पीड़ित को झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

# आपातकाल कांग्रेस की सत्ता लोलुपता और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक: अरुण सिंह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी ने मीडिया से वार्ता में कांग्रेस पर बोला तीखा हमला विचार गोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह उपरांत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री मा. अरुण सिंह जी ने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा: 1975 में लगाया गया आपातकाल कोई राष्ट्रीय संकट नहीं था, यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश को बंधक बनाने की साजिश थी। इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कुचला, प्रेस की स्वतंत्रता खत्म की, न्यायपालिका को अपंग किया और लाखों देशवासियों को जेल में डालकर देश को अंधकार युग में धकेल दिया। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस की मानसिकता में कोई अंतर नहीं आया है। 1975 में इंदिरा गांधी ने संविधान को रौंदा, आज वही प्रवृत्ति राहुल गांधी और उनके नेतृत्व में दिखाई देती है – आज भी प्रेस पर हमले होते हैं, विचारधारा के आधार पर मुकदमे दर्ज होते हैं, और डिजिटल माध्यम से एक नई डिजिटल इमरजेंसी थोपी जा रही है। अरुण सिंह ने कहा किशाह आयोग ने भी स्पष्ट कहा था कि आपातकाल पूरी तरह एक राजनीतिक षड्यंत्र था, जिसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था। लेकिन कांग्रेस ने न तो आज तक माफी मांगी, न ही शर्मिंदगी दिखाई। उल्टे, आज भी जब गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार की जांच होती है, कांग्रेस लोकतंत्र खतरे में है का शोर मचाने लगती है। इंदिरा गांधी ने न केवल न्यायपालिका को बंधक बनाया, बल्कि प्रेस की बिजली काट दी, मीसा जैसे काले कानूनों से छात्रों, पत्रकारों, विपक्षी नेताओं को जेल में ठूंस दिया। उस दौर में जिस किसी ने भी सवाल उठाया, उसे देशद्रोही बताया गया। आज कांग्रेस उसी मानसिकता को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लागू कर रही है। आपातकाल सिर्फ एक घटना नहीं, कांग्रेस की सोच का प्रतिबिंब है – आज भी कांग्रेस सत्ता को परिवार के लिए आरक्षित समझती है और लोकतंत्र को एक औपचारिकता मानती है। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष मा. विजय बहादुर पाठक जी, सांसद अतुल गर्ग, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, पूर्व महापौर आशु वर्मा, विधायक संजीव शर्मा, भाजपा गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के संयोजन और समन्वय की जिम्मेदारी भाजपा गाजियाबाद के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी द्वारा निभाई गई, जिन्होंने सभी मीडिया बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लोकतंत्र की रक्षा में पत्रकारिता की ऐतिहासिक भूमिका को नमन किया।

# साइबर क्राइम थाना ने फर्जी बीमा गिरोह का किया पदार्फाश, 7 गिरफ्तार, मोबाइल, एटीएम और नकदी समेत भारी बरामदगी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** साइबर अपराध के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना साइबर क्राइम की टीम ने शुक्रवार को अंतरराज्यीय स्तर पर फर्जी बीमा पॉलिसियों के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमन अग्रवाल, राहुल यादव, आफताब आलम, राहुल शर्मा, दीपक, गर्वित त्यागी और जगजीत सिंह शामिल हैं। ये सभी बीमा कंपनियों के नाम पर कॉल करके लोगों को बोनस, परिपक्वता राशि व रिफंड का झांसा देकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह के सदस्य फर्जी बीमा दस्तावेज और पहचान पत्र बनाकर उन्हें भरोसे में लेते, फिर उनसे विभिन्न माध्यमों से लाखों रुपये वसूलते थे। पूछताछ और जांच में सामने आया कि यह गिरोह अब तक चार राज्यों में कुल 4.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी कर चुका है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 26 मोबाइल फोन, 14 एटीएम कार्ड, 6 चेकबुक, 3 पासबुक, 4 सिम कार्ड, एक महिंद्रा थार और एक्सयूवी 300 कार समेत 1.98 लाख नकद भी बरामद किए हैं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि यह गिरोह तकनीकी रूप से बेहद सक्रिय था और अपने शिकार को भ्रमित करने के लिए पेशेवर कॉलिंग सिस्टम, स्क्रिप्टेड बातचीत और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करता था। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने कहा कि साइबर सेल की टीम ने तकनीकी निगरानी, बैंकिंग गतिविधियों की बारीकी से ट्रैकिंग और कड़ी खुफिया सूचना के आधार पर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से कई पुराने अनसुलझे मामलों में भी सुराग मिलने की संभावना है। इस कार्रवाई को पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि यह गिरोह राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय था और लोगों की गाढ़ी कमाई को सुनियोजित तरीके से लूट रहा था।

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में गूंजा राम नाम, प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय का नया शैक्षिक सत्र अध्यात्मिक माहौल में आरंभ हुआ। गुरुवार को विद्यालय परिसर में सुंदर काण्ड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा और भक्ति की अनूठी झलक देखने को मिली। पाठ में विद्यालय की कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य, प्रधानाचार्या पूनम शर्मा एवं समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहा, जहां बजरंग बली के जयकारों से परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने कहा कि हनुमान जी का जीवन चरित्र आज के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि हनुमान जी से हमें यह सीख मिलती है कि प्रत्येक व्यक्ति में असीम प्रतिभा होती है, जरूरत है तो बस उसे पहचानकर सही दिशा में लगाने की। विद्यालय के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गोयल ने भी श्रद्धा पूर्वक हनुमान जी की स्तुति की और विद्यालय परिवार व समस्त छात्राओं के कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम भी होते हैं। सुंदर काण्ड पाठ के उपरांत सभी उपस्थितजन को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम ने न केवल अध्यात्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि पूरे विद्यालय परिसर में नवसत्र की नई ऊर्जा और संकल्प का संचार भी किया। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल को हर वर्ष परंपरा के रूप में जारी रखने का संकल्प लिया है।